CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -144 राजनांदगांव, बुधवार 10 अप्रैल 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए




# दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल को नहीं दी राहत, याचिका की खारिज



नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति-2021-22 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने और उनकी हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका मंगलवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल पीठ ने श्री केजरीवाल की याचिका पर अपना फैसला सुनाते हुए ईडी द्वारा उन्हें (केजरीवाला) गिरफ्तार करने और फिर विशेष अदालत के निर्देश पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत में भेजने के आदेश को वैध ठहराते हुए इस मामले में हस्तक्षेप करने से स्पष्ट तौर पर इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय की एक पीठ ने कहा कि ईडी की ओर से अदालत के समक्ष पेश दस्तावेजों से प्रथम दृष्ट्या पता चलता है कि आरोपी केजरीवाल उक्त आबकारी नीति तैयार करने की साजिश रचने में शामिल थे और इस रची गई साजिश से प्राप्त आय का उन्होंने इस्तेमाल किया है।

एकल पीठ ने कहा कि केजरीवाल व्यक्तिगत तौर पर उस नीति को बनाने और रिश्वत मांगने में भी कथित तौर पर शामिल थे। उच्च न्यायालय ने इससे पहले तीन अप्रैल को दोनों पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। श्री केजरीवाल ने केंद्रीय एजेंसी द्वारा अपनी गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनकी गिरफ्तारी लोकतंत्र, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और समान अवसर सहित संविधान की मूल संरचना का 'उल्लंघन' है। इसलिए उनकी गिरफ्तारी को अवैध घोषित किया जाना चाहिए।

श्री केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह अभी भी न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने एक अप्रैल को उन्हें 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था। ईडी ने श्री केजरीवाल पर दिल्ली आबकारी नीति 2021-2022 (विवाद के बाद रद्द कर दी गई थी) के माध्यम से गलत तरीके से करोड़ों रुपए हासिल करने के लिए मुख्य भूमिका निभाने वाला साजिशकर्ता होने का आरोप लगाया है?। सीबीआई ने 17 अगस्त 2022 को वर्ष 2021-22 की (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# केडिया डिस्टलरी के 40 कर्मचारियों को ले जा रही बस खदान में गिरी, 11 लोगों की मौत



भिलाई (दावा)। दुर्ग जिले में केडिया डिस्टलरी के 40 कर्मचारियों को लेकर कुम्हारी से भिलाई लौट रही बस मंगलवार रात नौ बजे खदान में गिर गई। इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई है। एसडीआरएफ और पुलिस की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू कर दिया है। पुलिस के अनुसार बस लौटने के दौरान एक मुरुम खदान में 50 फीट नीचे गिरी है।

## घायलों का तत्काल घटनास्थल पर उपचार शुरू

खदान से निकाले गए घायलों का तत्काल वहीं पर उपचार शुरू कर दिया गया है। कुछ लोग बस के नीचे दबे हैं। खबर लिखे जाने तक बचाव दल ने कुछ लोगों को निकालकर अस्पताल पहुंचा दिया है।







# कांग्रेस की एक और सूची जारी, आंध्र प्रदेश की छह लोकसभा और 12 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान



नई दिल्ली। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की है। इस सूची में आंध्र प्रदेश की छह लोकसभा सीटों और 12 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है। आईए आपको सभी सीटों पर घोषित प्रत्याशियों के नाम बताते हैं

## 12 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों का एलान

इसके अलावा कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने आंध्र प्रदेश की 12 विधानसभा सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा की है।

तेक्काली से किली कृपारानी, भीमली से वेंकट वर्मा राजू , विशाखापत्तनम दक्षिण से वासुपल्ली संतोष, गजुवाका सीट से लक्काराजू रामाराव, अराकू वैली सीट से गंगाधरस्वामी , नारसीपत्तनम सीट से रुथाला श्रीराममूर्ति, गोपालपुरम सीट से सोदादासी मार्टिन लूथर, येरागोंडापलेम सीट से डॉ. अजिथा राव, पारचुर सीट से शिवश्रीलक्ष्मी ज्योति, संथानुथलापाडु सीट से विजेशराज , गंगाधरनेल्लोर सीट से रमेश बाबू दयाला और पुथलपट्टू सीट से एम.एस.बाबू को टिकट दी गई है।


## 13 मई को मतदान

आंध्र प्रदेश विधानसभा की सभी 175 सीटों पर एक चरण में मतदान होगा।

चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए शेड्यूल के मुताबिक, आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए 18 अप्रैल 2024 को नोटिफिकेशन जारी होगा। नामांकन की आखिरी तारीख 25 अप्रैल है। वहीं नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 29 अप्रैल है। 13 मई को राज्य विधानसभा के लिए मतदान होगा। वहीं 4 जून को चुनाव नतीजों का एलान किया जाएगा।

# देश भर में कल मनेगी ईद, आज नहीं दिखा चांद

लखनऊ। लखनऊ की मरकजी चांद कमेटी का कहना है कि ईद 11 अप्रैल को मनाई जाएगी, क्योंकि आज चांद नहीं दिखा है। भारत में 11 अप्रैल को ईद का त्योहार मनाया जाएगा। केरल में 10 अप्रैल को सऊदी अरब के साथ ईद का त्योहार मनाने की परंपरा है। इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार, इस्लाम के आखिरी पैगंबर नबी मुहम्मद की जंग में जीत के जश्न के तौर पर मीठी ईद या ईद-उल-फितर मनाया जाता है। दरअसल, पैगंबर नबी मुहम्मद ने अपने अनुयायियों के साथ जंग-ए-बद्र में जीत हासिल की थी। दुश्मन सेना बहुत बड़ी थी, लेकिन पैगंबर मुहम्मद ने अपने अनुयायियों के साथ बड़ी बहादुरी के साथ जंग लड़ी। जीत के बाद उनके अनुयायियों ने मीठा खाकर जश्न मनाया।

















CMYK

# देश का संविधान नहीं, भ्रष्टाचारियों का अस्तित्व खतरे में– संतोष पांडे



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के उम्मीदवार संतोष पांडे ने खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ग्रामीण अंचलों का तूफानी दौरा करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल द्वारा भाजपा पर नागरिकों के अधिकार छिनकर संविधान बदलने के आरोप की मीमांसा करते हुए कहा कि जिन लोगों ने देश के संविधान को गिरवी रखकर लगभग दो साल तक देश में आपातकाल लगाया, विपक्ष के तमाम छोटे-बड़े नेताओं को जेल के सीखचों में बंद कर दिया, उनपर व उनके परिवार जनों पर भीषण अत्याचार किया गया, बीमार होने पर भी उन्हे जेल में रखा इस दौरान अनेक विपक्षी नेता काल कवलित हुए। तमाम नागरिक अधिकारों को खूंटी पर टांग दिया गया। संविधान में प्राप्त मूलभूत अधिकारों से वंचित कर दिया- अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को खत्म कर दिया, इतना ही नहीं बल्कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ प्रेस की आजादी को खत्म कर दिया गया। आज वो लोग संविधान की रक्षा की कसमें खा रहें हैं। भाजपा पर संविधान बदलने के झूठे आरोप लगा रहें हैं, ये वास्तव में उनके निम्न स्तरीय सोच का परिणाम ही हैं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पांडे ने आगे कहा कि देश संविधान व कानून के अनुसार चलेगा। इस बात पर भाजपा व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कृतसंकल्पित हैं। इस तरह के कांग्रेसी दुष्प्रचार का प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी सभाओं में जोरदार ढंग से खंडन भी कर दिया हैं। यह बात आईने की तरह साफ हैं कि इस देश में कानून से बड़ा कोई भी नहीं हैं देश का बड़े से बड़ा आदमी भी कानून से बढ़कर नहीं हैं, इस मुद्दे पर भाजपा का दृष्टिकोण एकदम साफ हैं की जो भ्रष्टाचार करेगा उसे जेल जाना ही होगा। करोड़ों-अरबों के घोटाले करने के दिन अब लद गए। जिन-जिन लोगों के नाम घोटालों में आ रहे है उन्हे गिनगिन कर जेलों में बंद किया जा रहा हैं। छापों में करोड़ों-करोड़ की नगदी व संपत्तियाँ जप्त हो रही हैं, देश में कुछ लोग कानून को अपने हिसाब से इस्तेमाल करना चाह रहें थे, जो अब सफल नहीं होंगे। आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने 42वाँ संविधान संशोधन किया था। यह संशोधन अब तक का सबसे व्यापक और विवादास्पद रहा। उसके बाद संविधान बदलने का आरोप भाजपा के ऊपर लगाना इनके मुंह से शोभा नहीं देता।

श्री पांडे ने आगे कहा की वास्तव में देश के संविधान को कोई खतरा नहीं हैं, संविधान एकदम सुरक्षित हैं। देश की राजनीति में कुछ परिवरवादी लोग जो अपने परिवार के सहारे केंद्र व प्रदेश में राजनीति कर रहें हैं, और भ्रष्टाचार करके अरबों की अकूत संपत्ति इकट्ठी कर रखें हैं, उन्हे अब मोदी जी के आने से भ्रष्टाचार का हिसाब देना पड़ रहा हैं, तो ऐसे सारे भ्रष्टाचारी एक होकर फिर से सत्ता पाने की कोशिशों मे लगे हुए हैं और जब उन्हें सत्ता प्राप्त होती नजर नहीं आ रही, लोकसभा आसन्न चुनाव में अपनी पराजय सुनिश्चित दिखाई दे रही हैं तो संविधान का खतरा बताकर लोगों को दिगभ्रमित करने की कोशिश हो रही हैं। अब देश का जनमानस उनके इस दोगलेपन को समझ रहा हैं, व मोदी जी के साथ खड़ा हैं।

श्री पांडे ने आगे कहा कि कांग्रेस शासन काल में करोड़ों के घोटाले हुए जिसका पैसा कांग्रेसियों के जेब में चल जाता था, किन्तु मोदी जी के शासन काल में वो पैसा सीधे गरीबों के खातों में पहुच रहा हैं। पिछले 10 वर्षों में 35 लाख करोड़ की विशाल धन राशि गरीबों, किसानों व महिलाओं के खाते में सीधी भेजे गई हैं। पहले कांग्रेस के शासन काल में दिल्ली से एक रुपए चलता था वह गाँवों तक पहुंचते-पहुंचते 15 पैसे हो जाता था, बाकी का 85 पैसा कांग्रेसियों के जेब में चला जाता था। अब मोदी जी के शासन काल में शतप्रतिशत राशि सीधे हितग्राहियों को दी जा रही हैं, इसमें कही कोई बिचौलिया नहीं हैं। मोदी जी की नीतियों का ही यह सुपरिणाम है की 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से उबर गए, घर-घर में पीने का पानी, शौचालय, बिजली, चमचमाती सड़कों की व्यवस्था हो रही है। देश के आर्थिक विकास से दुनिया चकित व हैरान हैं।

मोदी जी विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं में शुमार हैं, मोदी जी को इस लोकसभा चुनाव में समर्थन देने के लिए अमेरिका, इंग्लैंड सहित पश्चिम के समस्त देशों के दर्जनों शहरों में भारतवंशियों के द्वारा रैली निकाली जा रही हैं। पूरा देश मोदी जी के पीछे खड़ा हैं जिससे देश के विपक्षीय दल विशेष कर कांग्रेस व यहाँ के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल का बेचैन हो कर अनापशनाप बयान देना समझ में आ रहा है। श्री पांडे आज नवरात्रि का पवन पर्व प्रारंभ होने पर माँ दुर्गा भवानी को प्रणाम करते हुए अपने दौरे की शुरुवात की वे गंडई मण्डल के ठंडार पहुचकर जनसम्पर्क किया फिर वे ग्राम रेमड़वा, जगमढ़वा, हनईबन, मरतकठेरा, बिरनपुरकला, पेंडरवानी, बरबसपुर, सम्बलपुर, खौड़ा, कटंगी होते हुए छुईखदान मण्डल के ग्राम मुरई, पहुचें जहा ग्रामीणों ने श्री पांडे का जोशीला स्वागत किया माता बहनों ने मंगल तिलक लगाकर आरती उतारी एवं जीत का आशीर्वाद दिया।

इस दौरान श्री पांडे के साथ भाजपा नेता कोमल जंघेल, विक्रांत सिंह, घम्मन साहू, खम्मन ताम्रकार, राकेश ताम्रकार, राजेश मेहता, पुष्पेंद्र देवांगन, संजय अग्रवाल, श्यामापाल ताम्रकार, गोपाल साहू, अनिल अग्रवाल, दूजे वर्मा, रमेश जंघेल, प्रेमनारायण चंद्राकार, राजू जायसवाल, विक्की अग्रवाल, राकेश ठाकुर, निजाम मंडावी, उमा चौबे, राजलक्ष्मी पंसारी, विक्रांत चंद्राकार, नेतराम जंघेल, अवध जंघेल, भावेश कोचर, कृष्णकांत मोहाबिया, नवनीत जैन, किसन सिलोटिया, शुभम चंद्राकार, कमलेश साहू, पन्ना मंडावी, पूरन वर्मा, प्रकाश जंघेल, अग्राहिज राम ध्रुवे, संदीप वैष्णव, ललित चोपड़ा सहित अनेक नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### भाजपा प्रत्याशी संतोष पाडे आज खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे का जनसम्पर्क अभियान जैसे-जैसे चुनाव की तरीखे नजदीक आती जा रही हैं वैसे-वैसे अभियान में तेजी आती जा रही हैं। श्री पांडे आज 10 अप्रैल बुधवार को खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के कुमर्दा मण्डल के ग्राम गुंडरदेही से अपने जनसम्पर्क अभियान का शुभारंभ करेंगे।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री पांडे ग्राम कांपा, कलडबरी, रतनभाठ, गोंडलवाही, बड़गाँव, उमरवाही, मरकाकसा, सीताकसा, तुर्रेगढ़, सालहे, पांगरी, चांदों, धनगाँव मुंजालकला, चिरचारीकला, बादराटोला, आतरगाँव, चिरचारीखुर्द, सोमाझीटिया, खुर्सीटिकुल तथा आमगाँव में जनसम्पर्क करते हुए अनेक स्थानों पर चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान अनेक नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### रितेश सिन्हा बने युवा कांग्रेस जिला महासचिव



राजनांदगांव (दावा)। ब्लॉक के तिलई निवासी युवा नेता रितेश सिन्हा के सक्रियता को देखते हुए युवा कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव छत्तीसगढ़ प्रभारी डॉ. पलक वर्मा, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, लोकसभा प्रभारी सुश्री बिंदिया बैनर्जी के अनुशंसा पर प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी युवा कांग्रेस राजनांदगांव (ग्रामीण) प्रांजल तिवारी, जिला सहप्रभारी प्रिया खत्री एवं जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस राजनांदगांव (ग्रामीण) संदीप सिंह गहरवार ने युवा नेता रितेश सिन्हा के पार्टी के प्रति सक्रियता को देखते हुए जिला युवा कांग्रेस राजनांदगांव (ग्रामीण) महासचिव नियुक्ति किया गया है।

पूर्व में युवा कांग्रेस ब्लॉक महासचिव, विधानसभा महासचिव पद पर रहकर कार्य कर चुके है। नियुक्ति पर रितेश सिन्हा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी में जो जवाबदारी दी है, उन्हें वो पूरी निष्ठा से निभाएंगे, उनकी नियुक्ति पर वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ताओं ने बधाई व शुभकामनाएं दिए।

### गुरु माता चरण भेंट बंदगी कार्यक्रम 12 को

राजनांदगांव (दावा)। शहर से लगे सिंगदई वार्ड 50 में 12 अप्रैल को गुरु माता की चरण पूजा भेंट बंदगी कार्यक्रम आयोजित है। साहू समाज द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित की जा रही है, जिसमें गुरु माता मनीषा देवी की चरण पूजा समाज सहित अन्य लोगों द्वारा की जाएगी।

### मतदान दिवस 26 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत राजनांदगांव जिले सहित कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में मतदान दिवस 26 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

# पदयात्रियों की सुविधा के लिये पंडाल में आयुक्त ने तीन पालियो में लगायी ड्यूटी


नवरात्रि के प्रथम दिन किया पंडाल का निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर मॉ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ जाने वाले दर्शनार्थियों/पद यात्रियों की सुविधा के लिये महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल के पास स्थित नगर निगम के पंडाल में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने तीन पालियों में अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। उन्होंने आज प्रथम दिन पंडाल का निरीक्षण भी किया।

निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि चैत्र नवरात्रि में मॉ बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन के लिये प्रदेश भर से भारी मात्रा में दर्शनार्थी डोंगरगढ़ जाते है, जिनमें अनेक दर्शनार्थी पद यात्रा करते है, उनकी सुविधा के लिये महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल के पास नगर निगम द्वार सेवा पंडाल लगाया गया है। सेवा पंडाल में पदयात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिये दिनांक 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक नवरात्रि में तीन पालियों में अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गयी है। प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव मो.नं. 9425240491 को नोडल अधिकारी एवं उप अभियंता दीपक कुमार महला मो.नं. 9691391911 को पंडाल प्रभारी बनाया गया है और प्रातः 6 से दोपहर 2 बजे तक प्र.सहायक अभियंता सुश्री पिंकी खाती को, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक उप अभियंता अनिमेष चंद्राकर को एवं रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक के लिये उप अभियंता तिलक राज ध्रुव को दायित्व सौपा गया है। साथ ही तीनों पालियों में कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगायी गयी है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त सभी अधिकारी कर्मचारी अपने अपने पालियों में दायित्वों का निर्वाहन करेंगे।

निगम आयुक्त श्री गुप्ता आज नवरात्रि के प्रथम दिन महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल के पास स्थित निगम पंडाल का अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पदयात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका ड्यूटी प्रभारी अधिकारी ध्यान रखेंगे और तीनों पालियों में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित होकर सेवाएं देंगे।

# निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी लेना एक जिम्मेदारी वाला कार्य - कलेक्टर



**निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी के सुगम संचालन के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुगम संचालन के लिए विधानसभावार निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी लेना एक जिम्मेदारी वाला कार्य है जिसे सभी को सावधानीपूर्वक निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के समय यह महत्वपूर्ण होता है कि जिस मतदान केन्द्र में ड्यूटी लगी है उसके लिए उसी मतदान केन्द्र की सामग्री उसे दें। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के संबंध में मतदान अधिकारी के ड्यूटी आदेश को देखकर उसे उसी मतदान केन्द्र के संबंध में निर्वाचन सामग्री प्रदान करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन सामग्री वापसी के दौरान ईव्हीएम मशीन के साथ विशेष पहचान वाले महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सावधानीपूर्वक वापस लेना होगा। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विधानसभावार निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बताया गया कि 25 अप्रैल को मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा।

मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए विधानसभावार व्यवस्था की गई है। जिसमें सेक्टर के आधार पर काउंटर बनाया जाएगा। विधानसभावार एक-एक पूछताछ केन्द्र बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिस काउंटर से सामग्री वितरण किया जाएगा उसी काउंटर में सामग्री वापस ली जाएगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, एसडीएम अतुल विश्वकर्मा, मास्टर ट्रेनर्स कैलाश शर्मा, दीपक ठाकुर, सेक्टर अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# हिन्दू नव वर्ष पर जगह-जगह रैलियों सहित शोभायात्रा की बिखरी छटा


सनातन धर्म महासभा परिवार की शोभायात्रा की रही धूम... मंदिर देवालयों में उमड़ी रही भक्तों की भीड़

राजनांदगांव (दावा)। हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2081 के शुभारंभ व चैत्र नवरात्रि पर्व के आगाज होने के साथ ही लोगों में नव वर्षा अभिनंदन हेतु हर्ष का माहौल बना रहा वही शहर में हिन्दू नववर्षारंभ की खुशी में जगह-जगह रैली व भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसकी शहर में धूम रही। लोगों ने हिन्दू नववर्ष के प्रथम दिन की शुरूआत अपने-अपने घरों में पूजा-पाठ से की।

वहीं नगर में स्थित देवस्थानों व मंदिरों में जाकर भगवान से नववर्ष पर खुशहाली की दुआएं मांगी व सर्वेभवंतु सुखिनः की प्रार्थना की। इस दौरान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता रहा। चूंकि नवरात्र के पहले दिन मां शैल पुत्री की पूजा आराधना के साथ मनोकामना ज्योति प्रज्जवलन का भी कार्यक्रम रहा, इसलिए मंदिरों में दिन भर भक्तों की भीड़ रही। 9 अप्रैल मंगलवार को नवरात्रि का प्रथम दिन मंगलमयता से सराबोर रहा। लोग हिन्दू नए वर्ष की एक-दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं देते नजर आए।

### शोभायात्रा की रही धूम

संस्कारधानी नगरी में अपने संस्कारों के अनुरूप नए संवत्सर 2081 विक्रम संवत को धूमधाम के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसकी नगर में धूम रही। आदिवासी नृत्य, पंथी नृत्य एवं अन्य लोक नृत्यों के बीच देश भक्ति व राष्ट्रवादिता का संचार करने वाली भव्य भारत माता की झांकी व बाल हनुमान की आकर्षक विशाल आर्च वाली झांकी लोगों के बीच आकर्षण का केन्द्र बना रहा। सनातन धर्म महासभा परिवार द्वारा गंज चौक स्थित बालाजी मंदिर से दोपहर 3 बजे निकाली गई। इस भव्य शोभायात्रा का धूमधाम के साथ नगर भ्रमण हुआ। इस दौरान नगर के सुप्रसिद्ध गायक चन्द्रेश जैन ने सुरमयी भजनों के स्वर वातावरण में तैरते रहे और धार्मिक गीतों के साथ लोगों में उल्लास उत्साह का संचार होते रहा। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से सनातन धर्म महासभा परिवार के संतोष पटाक राकेश भूषण ठाकुर, शिव वर्मा, हेमंत तिवारी, पूर्व महापौर अजीत जैन, अधिवक्ता राकेश ठाकुर, हरिश गांधी सहित श्रीमती सुषमा सिंह, मौसमी शर्मा, साधना तिवारी आदि सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरूषों के अलावा खासे तादाद में हिन्दू धर्मावलम्बी व विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के लोग मौजूद थे। शोभायात्रा का धूमधाम के साथ नगर भ्रमण हुआ। जिसका लोगों ने जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया। वही शोभायात्रियों का स्वागत शीतल पेय व स्वल्पाहार आदि से किया गया।

### शहर में निकली बाइक रैली

हिन्दू नर्वारंभ के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल द्वारा सायकाल 4 बजे धूमधाम के साथ बाईक रैली निकाली गई। दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर महावीर चौक से निकाली गई भव्य बाइक रैली का धूमधाम के साथ नगर भ्रमण हुआ जिसमें हिन्दू धर्म ध्वजा शान से लहरा रहे थे तथा सभी हिन्दू धर्मावलम्बियों के मुख से जै-जै श्रीराम के नाद उच्चारित हो रहे थे।

इस दौरान विहिप के बाबाजी अनूप श्रीवास, बजरंग दल के अरूण गुप्ता, श्री अग्निहोत्री आदि के अलावा बड़ी संख्या में सनातन धर्मी व हिन्दू धर्मावलम्बियों की उपस्थिति रही। इसी तरह शहर में हिन्दू नववर्ष के दिन सिंधी समाज की महिलाओं द्वारा भव्य स्कूटी रैली निकाली गई वही युवाजन भी नए वर्ष के स्वागत में मोटर सायकल रैली निकाल कर अपनी खुशियों का परिचय दिया। इस दौरान नए वर्ष का उल्लास उत्साह चारो ओर छाया रहा।

| शुभांक |
| --- |
| अनुमानित |
| बी. के |
| 5-6-7 |
| 355-3 255-2 |
| राजधानी |
| 2-6-7 |
| 167-4 380-1 |

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### शंकरपुर शीतला मंदिर में आस्था के 83 ज्योत प्रज्जवलित

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय शंकरपुर में समस्त वार्डवासियों के सहयोग से इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पर्व पर मनोकामना जोत प्रज्जवलित की जा रही है। आयोजन समिति के मनोज श्रीवास ने बताया कि इस वर्ष 83 मनोकामना ज्योति कलशों की स्थापना की गई।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
आज अंतिम दिन 4 खेल, ता. 11 से मैदान
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
मां कर्मा जयंती के शुभअवसर पर
पापकार्न फिल्मस् की प्रस्तुति
मेरी मां कर्मा
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - ओंकारदास मानिकपुरी, कुकी स्वाएन, अल्का अमीन, सानंद वर्मा, इश्तियाक खान, सुनिता राजवर, भगवान तिवारी आदि



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
10th April 2024
silver SCREEN



Maidaan - 06:00 and 09:15 pm



Crew - 12:00, 03:00 and 09:30 pm



Godzilla x Kong The New Empire - 12:30, 03:30 and 06:30 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# मंदिर देवालयों में अमृत सिद्धि योग में किया गया ज्योति प्रज्जवलन

**अश्विनी नक्षत्र के संयोग के साथ नवरात्रि पर्व का हुआ आगाज, नौ-दिनों तक मां आदि शक्ति की पूजा-आराधना व ध्यान, साधना उपासना की बहेगी बयार**



राजनांदगांव (दावा)। सर्व मंगल, मांगल्ये.. शिवा सर्वार्थ साधिके... के मंत्रोच्चार के बीच मंगलवार 9 अप्रैल को मंदिर देवालयों व शक्ति पीठ स्थलों में शुभ अमृत सिद्धि योग में ज्योति प्रज्जवलन किया गया।

अश्विनी नक्षत्र के संयोग के बीच मंगलवार को पूरी मंगलमयता के साथ नवरात्रि पर्व का आगाज हो गया। आज से नौ दिनों तक शक्ति स्थलों में मां आदि शक्ति दुर्गा की पूजा आराधना सहित ध्यान साधना उपासना की बयार बह चलेगी। चहू ओर मातारानी का जश गान गुंजायमान हो उठेगा।

### शीतला मंदिर में ज्योति प्रज्जवलन

बता दे कि इस बार ज्योति कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 5.52 बजे से लेकर 10 बजे कर 4 मिनट तक रहा। वही अभिजीत मुहूर्त में 11.20 से 12.10 बजे तक तथा अमृत काल में 5:22 से 6.48 बजे तक शुभ मुहूर्त रही। स्थानीय शीतला मंदिर में सायं 6 बजे मुख्य ज्योति का प्रज्जवलन किया गया। मंदिर के पुजारी राज दुबे ने बताया कि इसके साथ ही एक ज्योत नगर के कल्याण के लिए तथा दूसरा ज्योत राजपुरोहित की ओर से प्रज्वलित किया गया। बताया गया कि माता देवाला मंदिर सुनार पारा में इस बार श्रद्धालुओं द्वारा 1450 मनोकामना ज्योतिकलश की स्थापना की गई है।

मंदिर में नवरात्रि के पहले दिन मां शैल पुत्री के साथ माता-शीतला, काली, अंबे-जगदंबे की विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। शीतला मंदिर में इस वर्ष 1300 मनोकामना ज्योतिकलश तेल के तथा 150 ज्योति कलश घी के जलाए गए है। पुजारी राज दुबे ने बताया कि इस बार पूरे 30 साल बाद चैत्र नवरात्रि पर अमृत सिद्धि योग सर्वार्थ सिद्धि योग व शश योग सहित अश्विनी नक्षत्र का अदभुत संयोग बना रहा। हालांकि इस बार सूर्य ग्रहण का भी योग रहा लेकिन यह ग्रहण भारत में कही भी नहीं दिखाई देने से इसका कोई प्रभाव नहीं रहा।

### मंदिरों में जली आस्था की ज्योति

मंगलवार 9 अप्रैल को शहर की अधिष्ठात्री देवी मां शीतला सहित काली माई मंदिर, महामाई मंदिर, गायत्री शक्तिपीठ, दुर्गा वैष्णवी मंदिर चण्डी मंदिर, मांडी मंदिर के अलावा चरण पादुका मंदिर, दुर्गा मंदिर, देश फिरंतीन माता मंदिर सहित सिंघोला की माता भानेश्वरी मंदिर, भंडारपुर, करेला की मां भवानी मंदिर, डोंगरगढ़ की मां बम्लेश्वरी मंदिर में भक्तों ने मनोकामना ज्योति प्रज्जवलन का मातारानी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इस दौरान इन मंदिर देवालयों में भक्तजनों की खासी भीड़ रही।

### पाताल भैरवी मंदिर

शहर के पश्चिम भाग में जी.ई.रोड किनारे स्थित पाताल भैरवी मंदिर इस बार भी नवरात्रि पर्व में माई के भक्तों से गुलजार रहा। यहां मां पाताल भैरवी के भक्तों ने पुजारी के सान्निय में मंगलवार को अभिजीत मुहूर्त में 12.5 बजे आस्था की ज्योति प्रज्जवल्लित की। मंदिर समिति के गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नु' के अनुसार इस बार की नवरात्रि में 1700 के करीब मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई है। इसमें मनोकामना ज्योति कलश स्थापना करने वालों में स्वीटजरलैण्ड, जर्मनी, कनाडा, फिलीपीन्स व युएसए के भी भक्तजन भी शामिल है। इधर डोंगरगढ़ की मां बम्लेश्वरी में भक्तों द्वारा 9 हजार से अधिक मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई है। जिसका वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ज्योति प्रज्जवलन किया गया। मां बम्लेश्वरी मंदिर उपर व नीचे मंदिर में ज्योतिकलश की स्थापना करने वालों में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के श्रद्धालु भक्तों के अलावा अमेरिका, जापान, कनाडा, आस्ट्रेलिया में बसे भक्तजनों व दूसरे प्रांत के श्रद्धालुओं के भी नाम शामिल है।

### गायत्री शक्तिपीठ

शहर के गायत्री शक्तिपीठ में मंगलवार 9 अप्रैल को वेद माता गायत्री की पूजा-आराधना के साथ 24 हजार का अखंड मंत्र जाप-ध्यान, साधना व उपासना का क्रम जारी हो गया है। मंगलवार की प्रातः यहा वेदमाता गायत्री की शान में नवरात्रि ज्योति कलश का प्रज्जवलन किया गया। बता दे कि चैत्र नवरात्रि के परम पवित्र दिन हिन्दू नववर्षारंभ अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ ने तल पर गायत्री गुरूकुल शिक्षण मंदिर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह थे। इस दौरान मंदिर के ट्रस्टी सूर्यकांत चिंतलाग्या, बृजकिशोर सुरजन, जुगल लडढा, जयंती भाई पटेल, हेमंत तिवारी, हरीश गांधी, मुरली चौधरी सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजन व गुरूकुल स्टॉफ के लोग उपस्थित रहे।

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

राजनांदगांव, बुधवार 10 अप्रैल 2024

हिन्दू नववर्ष, झूलेलाल जयंती एवं नवरात्रि की लख-लख बधाईयां...
आवतराम
अशोक कुमार
आलू, प्याज, लहसून के थोक व्यापारी एवं कमीशन एजेन्ट
अशोक तेजवानी
जी.ई. रोड एवं गंज लाईन, राजनांदगांव (छ.ग.)
मो. 98271 62753, 9301732385

देवानी परिवार की ओर से
श्री झूलेलाल जयंती
हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
लक्ष्मी ट्रेडर्स, गुड़ाखू लाईन, 9827115812
श्रृंगारिका जनरल स्टोर्स, अनुपम नगर, 9827180430
हरिओम प्रापर्टी डीलर बल्देवबाग, राजनांदगांव मो. 93017-45655
ओमप्रकाश देवानी
गिरधारी देवानी
तरुण देवानी
पीयुष देवानी
नमन देवानी

## झूलेलाल जयंती पर सिंधी समाज की नारी शक्तियों ने विशाल स्कूटर रैली निकालकर बनाया ऐतिहासिक रिकॉर्ड









राजनांदगांव (दावा)। हिंदुओं के नए वर्ष व सिंधी समाज के इष्ट देव भगवान झूलेलाल जयंती पर समाज की नारी शक्तियों ने शहर में विशाल स्कूटर रैली निकालकर भव्य इतिहास रच दिया। लगभग दो हजार की संख्या में सफेद सलवार व केसरिया चूनरी डाले, सिर में लाल रंग की झूलेलाल टोपी लगाए स्कूटर पर सवार होकर जब कतार में निकली सिंधी मर्दानियों को देखकर लोग आश्चर्य चकित रह गए।

बता दें कि शहरवासियों ने बड़ी-बड़ी सायकल रैली, मोटर सायकल रैली देखी है लेकिन लगभग दो हजार की संख्या में आयो लाल झूलेलाल के नारे लगाते हुए लालबाग सिंधी कालोनी से निकली सिंधी समाज की सजी-धजी नारी शक्तियों को देखने पूरा शहर उमड़ पड़ा। लोगों ने रैली में शामिल नारी शक्तियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत-अभिनंदन किया। शहर के चौक-चौराहे इस विशाल स्कूटर रैली के दबाव में जहां-तहां जाम की स्थिति बन पड़ी। इस दौरान मानव मंदिर चौक पर रैली का स्वागत करने खड़े समाज के राजा माखीजा, चंदन रुचंदानी, प्रेम रुचंदानी, पवन जेठानी, कमल गंगवानी, सुनील उभेरानी, अर्जुन वाधवानी आदि ने समाज की नारी शक्ति का हौसला बढ़ाया। इसके पूर्व समाज के अध्यक्ष मन्नूमल मोटवानी, ब्रह्मानंद बजाज, आवत राम तेजवानी, अर्जुन दास पंजवानी, घनश्याम दास गंगवानी आदि ने भगवान झूलेलाल के गगन भेदी नारों के साथ उक्त स्कूटर रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्कूटर रैली का धूमधाम के साथ नगर भ्रमण पश्चात पुनः हेमु कालानी नगर लालबाग पहुंचकर समापन किया गया।

**○ आयो लाल, झूलेलाल के नारे सहित धूमधाम से हुआ नगर भ्रमण**
**○ रैली का जगह-जगह हुआ स्वागत**

समाज के राजा माखीजा, चंदन रुचंदानी हरिश मोटलानी, पवन गणशानी व दौलत रामचंदानी ने बताया कि आज 10 अप्रैल बुधवार को चेटीचंड महोत्सव के शुभ अवसर पर सिंधु भवन झूलेलाल नगर चौखड़िया पारा से सुबह 11 बजे भगवान झूलेलाल की पूजा-पाठ व साहिबा का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य रुप से डॉ के.एस. कंजवानी, घनश्याम सिंह वाधवानी सहित भजन मंडली के भजनों की सुरमयी धारा बहेगी। इसके बाद लंगर का आयोजन किया गया है। तत्पश्चात शहीद हेमू कालाणी नगर लालबाग समीप स्थित शहर के एतिहासिक तालाब बूढ़ासागर के झूलेलाल घाट में देर शाम 7 बजे भव्य गीत-संगीत का कार्यक्रम रखा गया है। उपरोक्त दोनों महत्वपूर्ण कार्यक्रम में समाज के समस्त भगवान झूलेलाल के अनुयाइयों की अधिकाधिक संख्या में पधार कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने की अपील की गई है।

चेट्री चंड्र महोत्सव
हिन्दू नववर्ष, चैत्र नवरात्र
की हार्दिक शुभकामनाएं...
चेट्री चंड्र दिवस अमर रहे
सुनील पान पैलेस
एवं
विजय कैफे
गौरी मंदानी, कीर्ति मंदानी, सुधा मंदानी
लालबाग, जी.ई. रोड, राजनांदगांव

## देश की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए कार्यकर्ता जुट जाएं -अभिषेक सिंह



**विचारधारा की लड़ाई में सत्य की जीत होगी**

राजनांदगाँव (दावा)। लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे की ऐतिहासिक जीत के लिए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शहर के चुनाव प्रचार में बड़ी संजीदगी से जुट चुके हैं, विगत दिनों उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं एवं उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाया। आज वह राजनांदगांव विधानसभा चुनाव प्रभारी की भूमिका में शक्ति केंद्रों की बैठकों में पहुंचे और भाजपा कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज श्री सिंह ने दुर्गा चौक, रामाधीन मार्ग, कन्हारपुरी, आजाद वार्ड के शक्ति केंद्रों की बैठकों में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विगत विधानसभा चुनाव में आप जैसे देवतुल्य कार्यकर्ताओं के कारण ही भाजपा ने इतिहास बनाया था। अब यह लोकसभा चुनाव कई मायनों में विशेष होने जा रहा है, उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की स्थिति को संवारा है। वर्ष 2014 के पहले विश्व पटल पर भारत की जो दयनीय स्थिति थी, वह स्थिति मोदी जी के कुशल नेतुत्व में तेजी से बदली है। अब लोग भारतीय होने पर गर्व करने लगे हैं। अर्थव्यवस्था की दृष्टि से मोदी जी ने ग्रामीण परिवेश को मजबूत करने वाली योजनाओं का क्रियान्वयन किया है, जिसके कारण आज भारत आत्मनिर्भरता की और बढ़ने लगा है, श्री सिंह ने कहा कि स्किल इंडिया एवं छोटे-छोटे व्यवसाईयों को मुद्रा लोन के माध्यम से रोजगार देकर, उन पर भरोसा कर मोदी जी ने भारत को अग्रणी देश की सूची में खड़ा कर दिया है और इस सबके पीछे भाजपा के आप जैसे सक्रिय कार्यकर्ता ही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस बार का चुनाव भारत की तकदीर और तस्वीर को बदलने वाला है। आज दो विचारधाराओं की लड़ाई शुरू हो चुकी है, एक ऐसी विचारधारा जो अंत्योदय के सिद्धांत पर देश के अंतिम व्यक्ति के लाभ के लिए कार्य कर रही है, देश को समृद्ध बनाना चाहती है, वही दूसरी विचारधारा 28 विभिन्न दलों से मिलकर बने गठबंधन द्वारा भारत में जातिगत भेदभाव पैदा कर देश को तोड़ने का प्रयास हो रहा है। एक विचारधारा भगवान राम को अपना आराध्य मानती हैं तो वहीं दूसरी विचारधारा उसे काल्पनिक बताती हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई भी ठोस मुद्दा नहीं है इसलिए किसी भी प्रकार से मिथ्या बातें बोलकर मतदाताओं को भ्रमित करने का कार्य कर रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा के पास मोदी की गारंटी है, जिस पर देश की जनता को भरोसा है, इसमें कार्यकर्ताओं की महती भूमिका है, आप सजग रहे और जन-जन तक मोदी जी की योजनाएं और भाजपा के सिद्धांतों को पहुंचाएं। बैठक में प्रमुख रूप से संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई और बूथ जीतने की तैयारी पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता एवं लोकसभा चुनाव के सह समन्वयक खूबचंद पारख, योगेश बागड़ी एवं रवि सिन्हा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी, दामू भूतड़ा, विष्णु अग्रवाल, प्रखर श्रीवास्तव, बलवंत साहू एवं भावेश बैद विशेष रूप से उपस्थित थे।

दीक्षा मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
सभी प्रकार के टाईल्स, मार्बल ग्रेनाईट, कोटा, पत्थर उपलब्ध एवं फिटिंग सुविधा उपलब्ध
नोट- नेरोलेक वाटर प्रूफ का कार्य किया जाता है
पता : पाटीदार भवन के बाजू में, जी.ई. रोड, राजनांदगांव,
मो.नं. 8269949909, 8234045745

चेट्री चंड्र महोत्सव
(झूलेलाल जयंती) जीयु सभीन खे लख-लख वाधाईयु
चेट्री चंड्र दिवस अमर रहे
कमल मेडिकल स्टोर्स
गुड़ाखू लाईन, राजनांदगांव, फोनः 224540

चेट्री चंड्र महोत्सव
(झूलेलाल जयंती)
जीयु सभीन खे
लख-लख वाधाईयु
प्रो. पवन रुचंदानी
सिंद मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स
गुड़ाखू लाईन, राजनांदगांव, फोनः 407770

चेट्री चंड्र महोत्सव (झूलेलाल जयंती)
जीयु सभीन खे लख-लख वाधाईयु
चेट्री चंड्र दिवस अमर रहे
कमल चिचेरिया
लालबाग, सिंधी कालोनी, राजनांदगांव
फोनः 224538

नवरात्र, हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत् 2081 एवं
श्री झूलेलाल जयंती
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जितेन्द्र मुदलियार
पूर्व अध्यक्ष
राज्य युवा आयोग छग
सुनील आहूजा
प्रदेश सचिव
युवक कांग्रेस

वर्मा कृषि सेवा केन्द्र
कृषि संबंधित सभी प्रकार की दवाईयां, ड्रीप खाद, उन्नत किस्मों के बीज एवं बैटरी स्प्रेयर के विक्रेता
मो.-7000634780
9893896964
पुराना गंज चौक लखोली रोड
आई.सी.आई.सी. आई. बैंक के सामने राज.

BALM
A.P. SPECIAL
An Ayurvedic Medicine
विजय ललवानी
Bharat General Stores
Cinema Line, Rajnandgao
Ph. - 07744-226108

राजनांदगांव की सबसे पुरानी ट्रेवल्र्स में कीया कैरेंस(7सीटर) क्रेटा, वेन्यू, एक्सेंट, होंडा अमेज, WRV, बलेनो, रिट्स ये सभी कारें उचित किराए पर कुशल चालकों सहित उपलब्ध है।
-: बग्गा ट्रेवल्र्स :-
सम्पर्क : 9300836360, 9479016360,7898457240

ASHISH
ANNEX
साड़ियां
शेरवानी
कोर्ट,शूट
लाचा
किड्स
वियर
KAMPTHI LINE,RAJNANDGAON (C.G.)

शक्ति भू-जल विशेषज्ञ
जमीन के नीचे
आधुनिक जर्मनी मशीन द्वारा भू-गर्भ जल स्रोत खोज विशेषज्ञ
100 % वैज्ञानिक विधि द्वारा जांच

हिन्दू नववर्ष, चैत्र नवरात्र, चेट्री चंड्र महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं...
संतोषी मेडिकल स्टोर्स
गुड़ाखू लाईन, राजनांदगांव
देशी एवं अंग्रेजी दवाओं के विक्रेता
प्रोप्रा. सत्येन्द्र कुमार बजाज, फोनः 408454, मो. 99077-66022
सभी कम्पनियों के व्हाउचर के थोक विक्रेता एवं ई-रिचार्ज उपलब्ध

## अनमोल दावा

> इस संसार में देखने के लिए बहुत सारे खूबसूरत स्थान हैं, पर सबसे खूबसूरत जगह है बंद आंखों से अपने भीतर देखना

# पीएम मोदी के खिलाफ़ चुनाव आयोग पहुंचे कांग्रेस नेता

लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक बयान को लेकर कांग्रेस पार्टी चुनाव आयोग पहुंच गई है. पीएम मोदी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर कहा था कि उसमें मुस्लिम लीग की छाप दिखती है. राजस्थान के अजमेर में 6 अप्रैल को पीएम मोदी ने कहा , च्च्कल कांग्रेस ने जिस तरह का घोषणा पत्र जारी किया है, उससे साबित हो गया है कि आज की कांग्रेस, आज के भारत की आशाओं, आकांक्षाओं से पूरी तरह कट चुकी है.

कांग्रेस के घोषणा पत्र में वही सोच झलकती है, जो सोच आजादी के आंदोलन के समय मुस्लिम लीग में थी. कांग्रेस के घोषणा पत्र में पूरी तरह मुस्लिम लीग की छाप है. इस मुस्लिम लीग वाले घोषणा पत्र में जो हिस्सा बचा कुचा रह गया, उसमें वामपंथी पूरी तरह हावी हो चुके हैं.पीएम मोदी के इस बयान को लेकर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर चुनाव आयोग से मुलाकात की.अपराध से निपटने का अल साल्वाडोर का तरीक़ा क्या उसके पड़ोसी देश भी अपनाएंगे?- दुनिया जहान जयराम रमेश ने बताया कि उन्होंने अपने सहयोगी सलमान खुर्शीद, मुकुल वासनिक, पवन खेड़ा और गुरदीप सप्पल के साथ मिलकर चुनाव आयोग के सामने छह शिकायतें रखी हैं और उन पर बहस की है. उन्होंने बताया कि छह में से दो शिकायतें खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ हैं.जयराम रमेश ने लिखा, च्च्यह वह समय है जब चुनाव आयोग को सभी दलों को मुकाबले के लिए समान अवसर देकर यह बताना चाहिए कि वह स्वतंत्र है. हमें उम्मीद है कि अपनी संवैधानिक स्वायत्तता चुनाव आयोग दिखाएगा. चुनाव आयोग को लिखित शिकायत में कांग्रेस ने कहा कि अजमेर में रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र को झूठ का पुलिंदा और मुस्लिम लीग की छाप वाला बताया है.

कांग्रेस का कहना है कि देश में आचार संहिता लगी हुई है और पीएम मोदी की टिप्पणियां पूरी तरह से इसका उल्लंघन करती हैं. पार्टी ने कहा कि पीएम मोदी का बयान भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए के तहत दंडनीय अपराध है, क्योंकि वे झूठे दावे कर विभाजन की भयावहता का इस्तेमाल कर रहे हैं और ऐसा कर वे मतदाताओं का ध्रुवीकरण करना चाहते हैं.



कांग्रेस ने कहा के पीएम मोदी लोगों को ये विश्वास दिलाना चाहते हैं कि कांग्रेस भारत को तोड़ना चाहती है, जो बहुत गंभीर मामला है और ऐसे में चुनाव आयोग अपनी आंखें बंद नहीं कर सकता है.चुनाव आयोग से मुलाकात करने के बाद समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, च्च्जिस तरह से पीएम मोदी ने हमारे मेनिफेस्टो को मुस्लिम लीग का दर्जा दिया. उस पर हमने घोर आपत्ति दर्ज कराई. पीएम के होर्डिंग जो यूनिवर्सिटी में लगे हैं, उस पर भी हमने अपनी बात रखी.

राजीव चंद्रशेखर जी, जो बीजेपी के त्रिवेंद्रम से उम्मीदवार हैं, उनके हलफनामे में कमियों को लेकर भी बात की. यूट्यूब के कुछ चैनल जो बिना कारण बताए मिनिस्ट्री ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग बंद कर रही है, चुनाव घोषित हो चुके हैं, इसलिए वह उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है. इसे देखने के लिए कहा है.

उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी को जनता ने बार-बार नकारा है. इसके बावजूद भी कांग्रेस पार्टी तुष्टिकरण की राजनीति से बाज नहीं आ रही है. मैंने कांग्रेस के घोषणा पत्र को देखा, मुझे आश्चर्य हुआ कि ये कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र है या मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र है. देश को बांटने के लिए और सत्ता को हथियाने के लिए कहां तक कांग्रेस पार्टी जा सकती है, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता. जिस मुस्लिम लीग ने 1929 में धर्म के आधार पर आरक्षण की बात कही थी, आज उसी बात को कांग्रेस पार्टी दोहरा रही है. सत्ता के लालच में देश को कहां पहुंचाएगी कांग्रेस पार्टी, इसका अंदाजा लगाना भी मुश्लिक है...

आज अल्पसंख्यकों के लिए धर्म के आधार पर आरक्षण की बात हो रही है. जो 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण की बात है, वो किस के लिए आरक्षण करने की बात कर रही है. कांग्रेस को ये साफ करना होगा. मैं ये भी कहना चाहता हूं कि देश भूल न जाए, यूपीए की सरकार ने बहुसंख्यक समाज के खिलाफ एक ऐसा कानून बनाया था, जो संसद से पास नहीं हो पाया था, लेकिन कांग्रेस पार्टी की मंशा साफ हुई थी.

ये चाहते हैं कि देश बंट जाए और इनकी सत्ता की भूख समाप्त न होज्मुझे राहुल गांधी जवाब दें कि वायनाड में नामांकन पत्र के जुलूस में कांग्रेस पार्टी के झंडे क्यों गायब हो गए. ये तुष्टिकरण की राजनीति कहां तक जाएगी, सिर्फ मुस्लिम लीग को पसंद न आए, सिर्फ इस कारण से कांग्रेस पार्टी अपने झंडे तक को हटा देज्कांग्रेस ने जिस तरह से अपने घोषणा पत्र में तुष्टिकरण और आरक्षण के बारे में जो कहा है, उसका स्पस्टीकरण देना पड़ेगा.ज्ज

दूसरी ओर, कांग्रेस अपने चुनावी घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र' कह रही है. इस बारे में बात करते हुए कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए उनकी पार्टी का घोषणा पत्र भारत को बदल सकता है.कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, इश्क और मुश्क छुपाए नहीं छुपते हैं लेकिन मोदी जी और मोदी जी के पुरखों का मुस्लिम लीग से ऐसा इश्क है जो छुपता नहीं है.

सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि पीएम कांग्रेस के घोषणापत्र के बारे में कुछ भी कह सकते थे. वे ये कह सकते थे कि ऐसा असंभव है लेकिन उन्होंने ऐसा कहा क्योंकि उन्हें मुस्लिम लीग से प्रेम है. कांग्रेस ने कहा, ये न्याय पत्र भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान मिलने वाले लोगों की अपेक्षाओं पर बना है. इसे देख कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घबरा गए हैं. इसलिए प्रधानमंत्री शर्मनाक बयान देते हुए कहते हैं कि हमारे न्याय पत्र में मुस्लिम लीग की छाप है.

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में इतिहास के प्रोफ़ेसर मोहम्मद सज्जाद ने बीबीसी उर्दू के मिर्जा बेग को बताया कि बीजेपी की जनक कही जाने वाला पार्टी हिंदू महासभा ने 1940 के दशक में सिंध, बंगाल और एनडब्ल्यूएफ़पी में मुस्लिम लीग के साथ सरकार बनाई थी. सज्जाद का कहना है कि इससे पहले लखनऊ म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन के चुनाव में मेयरशिप के लिए मुस्लिम लीग और हिंदू महासभा ने हाथ मिलाए थे.

## मामूली बातों पर आपा खोकर मरने-मारने की घटना को अंजाम देना चिंताजनक

दिल्ली के तिमारपुर इलाके में दो लड़कों ने एक युवक पर सिर्फ इसलिए चाकू से हमला कर दिया कि उसने मांगने पर माचिस की तीली नहीं दी।

कई बार यह सोच कर भी हैरानी होती है कि महज एक माचिस की तीली न देने पर कोई किसी की हत्या कर सकता है। पिछले कुछ समय से दिल्ली और देश के दूसरे इलाकों से बहुत मामूली बातों पर आपा खोकर मारपीट करने और जान तक ले लेने की जैसी खबरें आ रही हैं, वे चिंताजनक हैं।

गौरतलब है कि दिल्ली के तिमारपुर इलाके में दो लड़कों ने एक युवक पर सिर्फ इसलिए चाकू से हमला कर दिया कि उसने मांगने पर माचिस की तीली नहीं दी। ज्यादा खून बह जाने की वजह से युवक की मौत हो गई। इसके बाद खोजबीन करके जब पुलिस ने दोनों हमलावरों को पकड़ा तो दोनों नाबालिग निकले।

जाहिर है, अब हत्या की इस वारदात को आम अपराध मान कर ही कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। मगर इस घटना की प्रकृति को देखते हुए ज्यादा चिंता इस बात को लेकर है कि बेहद मामूली बातों पर भी इस कदर आपा खोने और हत्या तक कर देने की घटनाओं का दायरा जिस तरह फैल रहा है, आखिर उसके कारण क्या हैं!

दिल्ली में इस प्रकृति की यह कोई अकेली घटना नहीं है। आए दिन ऐसे मामले सामने आने लगे हैं, जिनमें बहुत मामूली बात पर कहा-सुनी और फिर जानलेवा हमले हो जाते और किसी को पीट-पीट कर या किसी हथियार से मार डाला जाता है। आखिर ऐसा क्यों और कैसे हो रहा है!

दिल्ली की ताजा घटना में शामिल दोनों आरोपी नाबालिग हैं, मगर इसी उम्र में चाकू लेकर चलना और बिना खौफ के अपराध को अंजाम देने का दुस्साहस उनके भीतर कैसे आया? क्या उनके भीतर कानून का कोई खौफ नहीं था या वे अपराध की दुनिया में शामिल हो गए, तो इसके पीछे क्या कारण होंगे? हत्या जैसी वारदात के बाद दोषी साबित होने पर संबंधित कानूनों के तहत उन्हें निर्धारित सजा मिलेगी।

मगर इस बात पर अब विचार करने की जरूरत है कि क्या कोई ऐसी समाज-मनोवैज्ञानिक परिस्थितियां हैं या अन्य कारण हैं, जिनकी वजह से लोग इस कदर मामूली बातों पर भी आपा खोकर मरने-मारने की घटना को अंजाम दे रहे हैं।

## सामयिक चर्चा

### भैयाजी का नव वर्ष

भैयाजी को घर से निकलता देखकर,
बानी एकदम उत्साहित होकर,
गये उनके करीब दौड़कर,
और उन्हें 'नव वर्ष' की बधाई दी-
पर आश्चर्य!
भैयाजी ने बधाई स्वीकार नहीं की।
गले में गमछा डाले
तेजी से जाते हुए भैयाजी बोले- ''सुनो!
अपने भैयाजी, अपने चुनाव प्रचार के लिए,
नवागांव आ रहे है,
तो हम अभी वहीं जा रहे हैं।
भद्दू भैया के साथ फिर
गांव-गांव जाकर उनका प्रचार करेंगे -
भाषण देंगे, जीत के नारे लगाएंगे।
और मालूम बानी!
4 जून को जब हमारे भैयाजी चुनाव जीत जाएंगे
तो फिर हम 5 जून से
नया वर्ष मनाएंगे,
तब तुम हमें बधाई देना,
और हम तुम्हें रस मलाई खिलाएंगे।''



गिरीश बख्शी

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 115 : श्री राम ने परशुराम जी को दो विकल्प सुझाए

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



यह भगवान विष्णु का धनुष है और एक बार इस पर बाण चढ़ाने के बाद इसे वापस लेना इस धनुष को उठाए जाने का अपमान है। यह आततायों और दुष्टों के संहार के लिए ही उठता है। अब परशुराम जी श्री राम को कौन सा लक्ष्य बताएं?

श्री राम को एक लक्ष्य चाहिए,जिस पर वे बाण चला सकें।

''हे महामुनि! जब आपको मेरी शक्ति पर संदेह था, तो मुझे इस विष्णु धनुष से बाण चलानेका निर्देश भी आपको नहीं देना था।क्या आपको यह ज्ञात नहीं था कि इस धनुष पर बाण चढ़ाए जाने की स्थिति में इसे प्रक्षेपित करना अनिवार्य हो जाता है? अगर मैं इसे किसी अज्ञात लक्ष्य पर छोड़ता हूं तो जिस स्थान पर यह गिरेगा, वहां भयंकर हानि होगी। आप सम्माननीय हैं, इसलिए मैं यह बाण आपके ऊपर नहीं छोड़ना चाहता हूं,अतः आप कोई मार्ग सुझाइए। क्या यह बाण आपकी ओर प्रक्षेपित नहीं होना चाहिए?''

परशुराम जी मन ही मन इस बाण का आघात सहने को तैयार हो गए हैं।यह परशुराम जी के लिए दंड तो नहीं है लेकिन जो अप्रिय स्थिति उन्होंने बिना विचारे निर्मित कर दी थी, उसका परिहार होना आवश्यक है। भगवान श्री राम समदर्शी हैं। न्यायप्रिय हैं। अतः परशुराम जी भी उस न्याय व्यवस्था की सीमा में हैं और स्वयं श्री राम उन्हें कोई छूट नहीं दे सकते हैं।

परशुराम जी कोई उत्तर देने के लिए थोड़ी दुविधा में हैं, लेकिन इससे उन्हें उबारते हुए श्री राम ने धीर गंभीर वाणी में कहा, ''हे महामुनि! आपके सामने दो विकल्प हैं। पहला, आपको मन की इच्छा से कहीं भी आवागमन की शक्ति प्राप्त है। यह बाण उसे आपसे वापस ले लेगा।दूसरा, अपनी तपस्या और योग बल से आपने जो पुण्य और शक्ति अर्जित की है,यह बाण आपको उनसे वंचित कर देगा। आप इन दोनों में से कौन सा विकल्प चुनना चाहते हैं?''

सभा में उपस्थित सभी लोग स्तब्ध हैं। भगवान परशुराम जी रौद्र रूप में सभा में आए थे,अब उनकी वैसी स्थिति रही नहीं। वे अब शांत और संयत हैं। उनके सामने श्री राम एक धनुष और चालन की स्थिति में बाण रखकर खड़े हैं।

परशुराम जी ने उत्तर दिया, ''मन की शक्ति से कहीं आना-जाना मेरे लिए अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इस धरती को मैंने कश्यप ऋषि को दान कर दिया था और अब मैं महेंद्र गिरि में निवास करता हूं।कश्यप जी को यह धरती दान में देने के बाद मैं इस पर एक भी रात नहीं ठहरता हूं। यह मेरी नैतिकता है और इसका पालन मेरा संकल्प।अतः मन के अनुसार कहीं आने-जाने की शक्ति से मुझे वंचित मत करिए।'' (भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -022

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असम्मान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 021 का हल**



## सू- दोकू क्र.022

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**


1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 021 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## सर्वधर्म समभाव का प्रतीक : चेटीचंड महोत्सव

(अमर ललवानी)



**आज श्री झूलेलाल जयंती पर विशेष**

संपूर्ण विश्व में मात्र भारत को ही यह सौभाग्य एवं गौरव प्राप्त रहा है कि यहां का समाज साधु-संतों के बताए मार्ग पर चलता आया है। भारतीय धर्मग्रंथों में कहा गया है कि जब-जब अत्याचार बढ़े हैं, नैतिक मूल्यों का क्षरण हुआ है तथा आसुरी प्रवृत्तियां हावी हुई हैं, तब-तब किसी न किसी रूप में ईश्वर ने अवतार लेकर धर्मपरायण प्रजा की रक्षा की।

ऐसी ही एक कथा भगवान झूलेलालजी के अवतरण की है। शताब्दियों पूर्व सिन्धु प्रदेश में मिर्ख शाह नाम का एक राजा राज करता था। राजा बहुत दंभी तथा असहिष्णु प्रकृति का था। सदैव अपनी प्रजा पर अत्याचार करता था। इस राजा के शासनकाल में सांस्कृतिक और जीवन-मूल्यों का कोई महत्व नहीं था। पूरा सिन्धु प्रदेश राजा के अत्याचारों से त्रस्त था। उन्हें कोई ऐसा मार्ग नहीं मिल रहा था जिससे वे इस क्रूर शासक के अत्याचारों से मुक्ति पा सकें।

लोककथाओं में यह बात लंबे समय से प्रचलित है कि मिर्ख शाह के आतंक ने जब जनता को मानसिक यंत्रणा दी तो जनता ने ईश्वर की शरण ली। सिन्धु नदी के तट पर ईश्वर का स्मरण किया तथा वरुण देव उदेरोलाल ने जलपति के रूप में मत्स्य पर सवार होकर दर्शन दिए। तभी नामवाणी हुई कि अवतार होगा एवं नसरपुर के ठाकुर भाई रतनराय के घर माता देवकी की कोख से उपजा बालक सभी की मनोकामना पूर्ण करेगा।

समय ने करवट ली और नसरपुर के ठाकुर रतनराय के घर माता देवकी ने चैत्र शुक्ल 2 संवत् 1007 को बालक को जन्म दिया एवं बालक का नाम उदयचंद रखा गया। इस चमत्कारिक बालक के जन्म का हाल जब मिर्ख शाह को पता चला तो उसने अपना अंत मानकर इस बालक को समाप्त करवाने की योजना बनाई। बादशाह के सेनापति दल-बल के साथ रतनराय के यहां पहुंचे और बालक के अपहरण का प्रयास किया, लेकिन मिर्ख शाह की फौजी ताकत पंगु हो गई। उन्हें उदेरोलाल सिंहासन पर आसीन दिव्य पुरुष दिखाई दिया। सेनापतियों ने बादशाह को सब हकीकत बयान की।

उदेरोलाल ने किशोर अवस्था में ही अपना चमत्कारी पराक्रम दिखाकर जनता को ढांढस बंधाया और यौवन में प्रवेश करते ही जनता से कहा कि बेखौफ अपना काम करें। उदेरोलाल ने बादशाह को संदेश भेजा कि शांति ही परम सत्य है। इसे चुनौती मान बादशाह ने उदेरोलाल पर आक्रमण कर दिया। बादशाह का दर्प चूर-चूर हुआ और पराजय झेलकर उदेरोलाल के चरणों में स्थान मांगा। उदेरोलाल ने सर्वधर्म समभाव का संदेश दिया। इसका असर यह हुआ कि मिर्ख शाह उदयचंद का परम शिष्य बनकर उनके विचारों के प्रचार में जुट गया।उपासक भगवान झूलेलालजी को उदेरोलाल, घोड़ेवारो, जिन्दपीर, लालसांई, पल्लेवारो, ज्योतिनवारो, अमरलाल आदि नामों से पूजते हैं। सिन्धु घाटी सभ्यता के निवासी चैत्र मास के चंद्र दर्शन के दिन भगवान झूलेलालजी का उत्सव संपूर्ण विश्व में चेटीचंड के त्योहार के रूप में परंपरागत हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं।


चूंकि भगवान झूलेलालजी को जल और ज्योति का अवतार माना गया है, इसलिए काष्ठ का एक मंदिर बनाकर उसमें एक लोटी से जल और ज्योति प्रज्वलित की जाती है और इस मंदिर को श्रद्धालु चेटीचंड के दिन अपने सिर पर उठाकर, जिसे बहिराणा साहब भी कहा जाता है, भगवान वरुणदेव का स्तुति गान करते हैं एवं समाज का परंपरागत नृत्य छेज करते हैं। यह सर्वधर्म समभाव का प्रतीक है। झूलेलाल उत्सव चेटीचंड, जिसे सिन्धी समाज सिन्धी दिवस के रूप में मनाता चला आ रहा है, पर समाज की विभाजक रेखाएं समाप्त हो जाती हैं।

## राशिफल




**मेष**

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे और व्यवस्थित रहेंगे तो इससे आपके काम जल्दी निपटेंगे। आज आप संतान के करियर की समस्याओं को किसी अनुभवी और जानकार की मदद से सुलझा लेंगे। थोड़ी विपरीत परिस्थितियां भी बनेंगी।




**वृषभ**

आज का दिन आपके लिए ठीकठाक रहने वाला है। कोई भी छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा। आज पारिवारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी, परिवार में सभी एकदुसरे की भावनाओं को समझेंगे। आपकी सफलता के जल्द ही योग बन रहे है।




**मिथुन**

आज आपको लोगों का पूरापूरा साथ मिलेगा। आय के नए स्रोत बनेंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा। आज जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ करेंगे। शाम को मेहमानों के आने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपके धनसंपत्ति में वृद्धि होगी। खर्चे भी नियंत्रण में रहेंगे।




**कर्क**

आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। बिजनेस के सिलसिले में आपको विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है, जो आपके लिए काफ़ी लाभदायक रहेगी। आपकी खुशियों में इजाफा होगा। ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाला काम मिलने की संभावना है, जिसे पूरा करने पर फायदा होगा।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज प्रैक्टिकल सोच रखेंगे तो आपके संतुलित रवैया से फायदा मिलेगा। आज थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बीताएंगे। आज शाम माता जी से आप भविष्य को लेकर विचारविमर्श करेंगे, आपको माता जी का साथ मिलने से खुशी होगी।




**कन्या**

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखने से उनकी काम करने की क्षमता बेहतर होगी, आज आपका काम समय से पहले भी पूरा हो सकता है। महिलाएं अपने बिजनेस में ज्यादा एक्टिव रहेंगी, आपको ज्यादा धनलाभ भी होगा। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा।




**तुला**

आज का दिन आपके लिए बहुत सामान्य रहेगा। आज पैसों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। फिलहाल हर एक बात पर ध्यान देकर स्थिति को सुधारने कोशिश करें। आज पुरानी गलती दोबारा न हो, इस बात का ध्यान रखना आपके लिए आवश्यक होगा। आपका जीवन प्रगति की ओर बढ़ रहा है।




**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी करीबी व्यक्ति से काम संबंधी नाराजगी दूर होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे आपको खुशी होगी। आज नए लोगों के साथ जुड़ने से आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपको जल्द ही सफलता मिलेंगी।




**धनु**

आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियाँ लाया है। आपका दिन परिवार के साथ बीतेगा। आप दोस्तों के साथ बाहर घूमने का प्लान बनाएंगे। आप दूसरों पर अपना प्रभाव बनाने में सफल होंगे,आपको अपने गुस्से पर कंट्रोल रखने की जरुरत है। आसपास के कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं।




**मकर**

आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा। आज व्यापार के मामलों में आपके मन में नएनए विचार आयेंगे। नए लोगों से मिलना और बातें करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। किसी समस्या का समाधान मिलने से आपको राहत मिलेगी।



**कुंभ**

आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज ऑफिस के सहकर्मी आपके कामों में सहयोग करेंगे, आपका काम जल्दी पूरा हो जाएगा। आज किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जो आने वाले दिनों में आपकी मदद करेगा। आपके सोचे हुए काम आसानी से पूरे होंगे। अपनी प्रतिक्रिया जल्दी न दें।



**मीन**

आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। पारिवारिक कामों को करने में घर के सदस्यों का सहयोग मिलेगा। अपने दोस्तों से निजी समस्याओं को शेयर करने से बचना चाहिए। कुछ लोगों के गलत बयान से आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ेगी, समय के साथ सब ठीक हो जायेगा।

# गरीब परिवार की महिला को मिलेंगे हर महीने 8,333 रुपए- भूपेश बघेल

राजनांदगांव (दावा)। मंगलवार को खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में जनसंवाद के लिए पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने कहा है कि भाजपा के लोगों ने महिलाओं को एक हजार रुपए का लालच देकर कई हजार का नुक़सान कर दिया।

महतारी वंदन योजना का पैसा भी सभी महिलाओं तक पहुंचा नहीं है। सात किलों प्रति परिवार की जगह अब महज़ पांच किलो चांवल दिया जा रहा है। नए राशनकार्ड पर यह स्पष्ट रूप से लिख दिया गया है। न ही अब गोबर से आय हो रही है। उन्होंने कहा कि हमने अपने घोषणा पत्र में वादा किया है कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही गृहलक्ष्मी योजना के तहत गरीब परिवार की एक महिला को साल में एक लाख रुपए यानि हर माह आठ हजार तीन सौ तेतिस रुपए सीधे उनके खातों में मिलेंगे। नवरात्र के पहले दिन मंगलवार को भूपेश ने अपने चुनाव प्रचार की शूरुआत छुईखदान के दनिया गांव से मंदिर में माता के दर्शन से की। इस दौरान उन्होंने सभी की खुशहाली की कामना की। अपने भाषण में भूपेश बघेल ने महिलाओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर महिलाओं के साथ वादा खिलाफ़ी का आरोप लगाया। भूपेश ने कहा न ही किसी को आवास मिला और न ही चार सौ रुपए में



सिलेंडर और न ही सभी महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है।

### दोपहर बाद शुरू हुआ जनसम्पर्क

नवरात्र का प्रथम दिन होने के कारण भूपेश बघेल का जनसम्पर्क कार्यक्रम प्रतिदिन की अपेक्षा थोड़ा विलम्ब से शुरू हुआ। नवरात्र के प्रथम दिन होने के कारण भूपेश बघेल भी अपने निवास से पूजा-अर्चना करके ही निकले थे। लगातार दो दर्जन से अधिक गांवों का दौरा कर रहे भूपेश बघेल ने मंगलवार को छुईखदान के 22 गांव का दौरा किया।

दनिया से शुरू हुआ यह जनसम्पर्क कार्यक्रम बिरनपुर, धोंधा, हनईबन, जगमड़वा, ठंडार, गंडई, भुरभुसी, गोकना, बागुर, छिरहीडीह, सुखरी, बरबसपुर, पेंडरवानी, लालपुर, लिमो, ढाबा, कटंगी, बुढ़ासागर और गंडई के देवपुरा, टिकरीपारा में प्रस्तावित था।

### जब भूपेश और संतोष हुए आमने-सामने

चुनाव प्रचार के दौरान एक दौर ऐसा भी आया कि गली में अपने-अपने कार्यकर्ताओं के साथ भूपेश बघेल और संतोष पांडेय का आमन सामना हुआ। दोनों नेताओं ने सहजता से एक दूसरे से हाथ मिला और अभिवादन किया। इसके बाद भूपेश बघेल ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर तस्वीर और वीडियो शेयर करते हुए 'राम-राम' लिखा। साथ ही भूपेश ने लिखा कि संतोष पांडेय से आज चुनाव प्रचार के दौरान भेंट हुई। उनके जाने का समय था और मेरे आने का।

### जीतेंगे राजनांदगांव

इस जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान खैरागढ़ ज़िला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, पदम् कोठारी, गुलशन तिवारी, रामानंद साहू, कामदेव जंघेल, ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश यादव, रामकुमार पटेल, वरिष्ठ कांग्रेसी संजू सिंह चंदेल, रंजीत चंदेल, मोतीलाल चंदेल, अशोक जंघेल, विजय वर्मा, मोहसिन खान, प्रमोद सिंह ठाकुर, हेमंत वैष्णव, देवराज किशोर, दास वैष्णव, कोसन दास, कोसार लाल, टारकेश्वर शाह खुसरो, आरती महोबिया, नीना विनोद ताम्रकार, अरुण जोशी सहित कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मंदिर परिसर के सामने छीरपानी चौक के पास चाकू के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

## 25 आम्स एक्ट के तहत की गई कार्यवाही



डोंगरगढ़ (दावा)। चैत्र नवरात्रि पर्व वर्ष 2024 दिनांक 09 अप्रैल से प्रारंभ हो चुका है। नवरात्रि पर्व में माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में लाखों की संख्या में दर्शनार्थी दर्शन करने एवं मेला घुमने आते है, जिसको ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग द्वारा दर्शनार्थियों के सुरक्षा व्यवस्था/शांति व्यवस्था/ कानुन व्यवस्था/ यातायात, पार्किंग व मेला व्यवस्था हेतु अधिक से अधिक पुलिस बल तैनात कर चोर, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं असमाजिक तत्वों पर पुलिस कड़ी निगरानी रखी है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 09 अप्रैल को डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा मंदिर परिसर के सामने छिरपानी चौक के पास चाकु लेकर घुम रहे शिव चंद्रवंशी पिता रविन्द्र चन्द्रवंशी उम्र 18 साल, निवासी रजा नगर डोंगरगढ़ को घेराबंदी कर चाकू के साथ रंगे हाथ पकड़कर आरोपी के विरूद्ध 25 आम्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

# पहला कॉलम...

## राष्ट्रीय साधन सह प्रावीन्य छात्रवृत्ति परीक्षा में लोमेन्द्र व अरुण का चयन



हरदी (दावा)। राष्ट्रीय साधन सह प्रावीन्य छात्रवृत्ति परीक्षा में शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला पिनकापार के छात्र लोमेद्र कुमार गांवरे पिता अरुण कुमार गांवरे कक्षा आठवीं का चयन हुआ है। चयनित छात्र को कक्षा नवमी से 12वीं तक छात्रवृत्ति दी जाएगी। इस उपलब्धि पर संस्था के प्रमुख प्रधान पाठक धनसिंह कौमार्य, शिक्षक रूकम सिंह द देवांगन, शिक्षिका हेमपुष्पा सुखदेवे, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक शत्रुहन लाल सोनकर, शिक्षक दुर्गेश सोनकर, कन्या माध्यमिक शाला प्रधान पाठक श्याम किरण लुन्हारे, शिक्षक रोशन लाल साहू, नितेश लोन्हारे, शिक्षिका तोमेश्वरी साहू, अनिल कुंवर सेवता, कन्या प्राथमिक शाला प्रधान पाठिका विमला बोरकर, दीप्ति माहला, प्रीति शेन्डे, सरपंच सोमिन भुआर्य एवं पूर्व सरपंच दिलेश्वर भूआर्य, अशोक देवांगन, एसएमसी अध्यक्ष ठाकुर राम सोनी आदि ने खुशी जाहिर की है।

## लालूटोला के नूरानी मस्जिद में मुस्लिम यंग कमेटी की तरफ से इफ्तार प्रोग्राम का आयोजन



छुरिया (दावा)। ब्लॉक के ग्राम पंचायत लालूटोला (चिचोला) स्थित नूरानी मस्जिद में रोजा इफ्तार का प्रोग्राम रखा गया था। रामपुर यूपी से आये कारी जनाब अब्दुल कादिर साहब ने तराबीह का नमाज पढाये जमात के बड़े बुर्जग जनाब अकबर खान साहब ने कारी साहब का व हाजी रफीक खान साहब ने गांव हाफिज जी का इस्तेकबाल किये। जमाती भाई व मुस्लिम यंग कमेटी ने भी सभी का इस्तेकबाल किये। इस अवसर पर समाज की तरफ से कारी साहब को नजराने में 25100 मस्जिद के हाफिज इसहाक खान को 11100 व एत्तेकाफ में बैठे एजाज भाई को भी नजराना दिया गया। इस मौके पर लालुटोला जमाती मुस्लिम भाई बड़ी तादाद में जमा हुए और सभी ने मुस्लिम यंग कमेटी के नवजवानों को मुबारकबाद के साथ-साथ उनका हौसला बढ़ाया।

## पनियाजोब नहर नाली की केनाल हुई क्षतिग्रस्त, अनेक वार्डों में पेयजल की आपूर्ति बाधित हुई




डोंगरगढ़ (दावा)। नगर पालिका क्षेत्र में पानी पेयजल की आपूर्ति करने वाले पनियाजोब जलाशय के नहर नाली कैनाल के क्षतिग्रस्त हो जाने से पालिका क्षेत्र के अनेक वार्डों में पेयजल की सप्लाई बाधित होने की जानकारी पेयजल प्रभारी अखिल खान द्वारा दी गई है।

पेयजल प्रभारी श्री खान ने बताया कि, पनियाजोब जलाशय की नहर नाली केनाल के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 01 से लेकर 06 तक एवं वार्ड क्रमांक 14 से 16 तक एवं वार्ड क्रमांक 18 से 24 तक नहर नाली मरम्मत होने तक पेय जल व्यवस्था प्रभावित रहेगी।

## मुढ़ीपार के दुर्गा मंदिर व प्रधानपाट में जलेगी आस्था की ज्योति

डोंगरगढ़ (दावा)। खैरागढ़ विकासखंड के सबसे बड़े ग्राम मुढीपार मे माँ दुर्गा मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्री पर्व में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की जायेगी।

माँ दुर्गा मंदिर समिति के सचिव खेमलाल सिन्हा ने बताया इस वर्ष 28 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की जायेगी जिसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। क्षेत्र के पर्यटन स्थल प्रधानपाट मंदिर में भी ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की जायेगी। मंदिर समिति के सचिव मनीष वर्मा ने बताया इस वर्ष 201 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की जायेगी। वहीं मुढ़ीपार क्षेत्र के ग्राम कोपेनवागांव स्थित विंध्यवासिनी मंदिर में इस वर्ष 62 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की जायेगी।

# आत्मानंद स्कूल में शिक्षकों को साल भर से भुगतान नहीं

डोंगरगांव(दावा)। शहर का आत्मानंद स्कूल शुरू से ही बहुत से विवादित गतिविधियों के चलते सुर्खियों में रहा है, वहीं अब शिक्षकों के वेतन भुगतान को लेकर मामला सामने आया है, जिसमें दो शिक्षक तथा एक आया को विगत साल भर से उनके शिक्षकीय कार्य का भुगतान नहीं किया गया है, जिसके चलते शिक्षकों के जीवन यापन में समस्याएं तो उत्पन्न हुई है, इसके साथ ही अब एलकेजी और यूकेजी की कक्षा के लिए भी पालकों को असमंजस की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि वेतन भुगतान नहीं होने के चलते शिक्षक कार्य करने को राजी नहीं है और इस वर्ष एलकेजी और यूकेजी के कक्षाएं लगेंगे इसकी उम्मीद कम ही जताई जा रही है, इस मामले में स्कूल के वर्तमान प्राचार्य के द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है किंतु उच्च अधिकारियों के द्वारा उचित मार्गदर्शन नहीं मिलने से बच्चों के भविष्य पर अंधेरा मंडरा रहा है।

बता दें कि आत्मानंद स्कूल में एलकेजी और यूकेजी के शिक्षकीय कार्य हेतु दो शिक्षिका व एक आया की नियुक्ति गई थी, जिनके द्वारा विगत साल भर से शिक्षकीय कार्य किया जा रहा है और




इसके बदले उन्हें एक फूटी कौड़ी भी स्कूल प्रशासन के द्वारा प्रदान नहीं की गई है। पूर्व में रहे प्राचार्य के द्वारा भी इस मामले में कोई अहम कदम नहीं उठाया गया जिसका नतीजा है कि 12 महीने से शिक्षकों को वेतन के लिए गिड़गिड़ाना पड़ रहा है। बता दें कि जिस वर्ष एलकेजी और यूकेजी आत्मानंद स्कूल में खोला जाना था, उस दौरान शिक्षकों को डीएमएफ फंड से उनके वेतन का भुगतान किया जाना था। शिक्षकों की नियुक्ति गठित समिति के माध्यम से 10-10 हजार रुपए के मानदेय तथा आया की नियुक्ति 5 हजार रुपए प्रतिमाह के मानदेय की दर से किया गया था, इस मामले में शिक्षकों ने बताया कि जिस वर्ष एलकेजी प्रारंभ हुआ उसे समय

- प्रवेश प्रक्रिया आज से प्रारंभ, एलकेजी व यूकेजी की कक्षाओं में असमंजस
- उच्चाधिकारी झाड़ रहे हैं पल्ला

वर्ष 2022 के मार्च और अप्रैल माह का वेतन भुगतान नहीं हुआ, जिसके बाद से शिक्षिका और आया लगातार काम कर रहे थे और अपनी समस्याओं को प्रचार के समक्ष रख रहे थे। वहीं वर्ष 2023 में यूकेजी में भी बच्चों ने प्रवेश लिया और दो शिक्षकों के द्वारा शिक्षकीय कार्य लगातार किया जा रहा था, इधर आया भी अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी से कर रही थी, बावजूद इसके उन्हें और 10 माह का वेतन नहीं मिल पाया, उन्होंने बताया इस मामले को लेकर जिला स्तर के अधिकारियों के समक्ष भी अपनी बात रखी और आवेदन दिया है किंतु अधिकारियों के द्वारा इस मामले में पूरी तरह से पल्ला झाड़ लिया गया है। अब वर्तमान में जो शिक्षक कार्यरत हैं, वे भी अब शिक्षकीय कार्य करने से हाथ खड़े कर रहे हैं, जिसके चलते अब समस्याएं उत्पन्न हो रही है। बता दें कि आज से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है और ऑनलाइन के माध्यम से भी प्रवेश लिया जा सकता है, इधर शिक्षिकाओं का कहना है कि काम करने में हमें कोई दिक्कत नहीं है लेकिन समय में वेतन का भुगतान हो तो तन्मयता बनी रहती है, हमारी पहली सैलरी आई थी वह भी 7 माह बाद मिला था, वहीं वेतन भुगतान नहीं होने के चलते वे कार्य करने को राजी नहीं हो रहे हैं, ऐसे में एलकेजी और यूकेजी की कक्षाएं कैसे संचालित की जाएगी या बड़ा सवाल है।

> मामला जिस विभाग का है उनके अधिकारी से बात कर लें वो बता पाएंगे, आत्मानंद स्कूल के संबंध में शासन का जैसा निर्देश होगा वैसा होगा।
>
> **- संजय अग्रवाल, कलेक्टर राजनांदगांव**

> शिक्षकों को वेतन भुगतान नहीं हुआ है, यह बात सही है। इस मामले में हमारे द्वारा पत्राचार कर उच्च कार्यालय से मार्गदर्शन मांगा जा रहा है।
>
> **- जयंत साहू, प्राचार्य आत्मानंद स्कूल डोंगरगांव**

# आबकारी विभाग की नाक के नीचे धड़ल्ले से हो रही शराब की बड़ी तस्करी

खुज्जी(दावा)। जानकारी अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र के शराब भट्टी जाने के मार्ग में इन दिनों देशी, विदेशी शराबों की धडल्ले से तस्करी की जा रही है।

तस्करों में नहीं है कार्रवाई का भय शराब तस्करों के मन में कार्रवाई का भय नहीं है। परिणाम ये है कि पकडे जाने के बाद भी जमानत मिलने पर पुनः इस धंधे में शामिल हो जा रहे हैं। ऐसे में धंधे पर अंकुश लगने की बजाय इसकी तादाद बढ़ती ही जा रही है। नई सरकार आने पर भी इनकी तस्करी कम होने का नाम नहीं ले रही, चखना दुकानों पे बुलडोजर चलाने के बाद देखना ये है की सरकार कब इस भी अपना शिकंजा कसती है

तस्करी के धंधे में शामिल हैं युवा वर्ग लेकिन ज्ञात सूत्रों से कुछ तस्करों का नाम अभी काफी प्रमुखता से सुनाई दे रहा है जो बड़े पैमाने में इस गोरखधंधे को अंजाम दे रहे है। इसमें खास कर राजा खुज्जी के कुछ पुराने तस्कर ज्यादा ही सक्रिय है जो खुज्जी में शराब कोचियों को घर पहुंच शराब छोड़ते है और साथ ही ग्राम महरूम में ठेला दुकान खोल कर शराब बेचता एक पुराना कोचिया लगातार तस्करी में संलिप्त है। डोंगरगांव से मेन रोड मार्ग साथ ही कोहका



बेंदरकट्टा नदी पुल ,दर्री खुज्जी पुल इनके लिए तस्करी का आसान रास्ता बन गया है जहा ये तेज रफ्तार से गाडियां दौड़ाते हुए शराब लेकर निकल रहे है और कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाले धंधे से युवा वर्ग लगातार जुड़ रहे हैं। लालच में युवा इसमें अपना भविष्य खोज रहे हैं। इसमें न तो मोटी पगड़ी देकर दुकान की आवश्यकता है न ही कहीं भंडारण की। शराब को छोटे मोटे कोचियों को घर पहुंच सेवा देकर मोटी कमाई एक बार में कर रहे है। डोंगरगांव में शराब माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं यहां हजारो रूपयों की अवैध शराब का कारोबार धडल्ले से चल रहा है। भट्टी से लगातार शराब माफिया आसपास के गावों में बेखौफ शराब की सप्लाई करते रहते हैं। तस्करी के लिए तस्कर स्पोर्ट्स बाइक, स्कूटी के साथ-साथ अब कार का भी उपयोग करने लगे है जिससे एक साथ अधिक मात्रा में शराब ले जाई जा सके। शराब को ले जाने के लिए हाईटेक बैग का भी उपयोग किया जा रहा है।

इसमें संदेह के घेरे में शराब दुकानों में काम करने वाले वर्कर भी आ रहे है की इतनी बड़ी मात्रा में उनको शराब उपलब्ध कैसे कराई जा रही हैं। शासन के पर व्यक्ति सीमित क्वाटर नियम का यहां मजाक बनाया जा रहा।

शराब भट्टी क्षेत्र में लगातार अवैध शराब परिवहन करने के मामले समय-समय पर सामने आते रहते हैं लेकिन शराब तस्करों को ना तो प्रशासन का डर है और ना ही स्थानीय पुलिस का। कैसे शराब माफिया रात्रि के समय हो या दिन के समय शराब के परिवहन करते हैं ऐसे शराब माफिया पर कब नकेल कसी जाएगी यह भी अपने आप में एक बड़ा सवाल है। डोंगरगांव सहित आसपास के क्षेत्रों में लगातार पुलिस को अवैध रूप से बिक रही शराब की शिकायतें भी मिलती रहती हैं शराब माफियाओं के द्वारा गांव-गांव तक कैसे बेखौफ शराब पहुंचाई जाती है यह अपने आप में एक बड़ा सवाल है कि आखिरकार शराब माफियाओं को पुलिस और प्रशासन का कोई डर क्यों नहीं है।

# रंगोली बनाकर मतदान करने प्रेरित किया



अंबागढ़ चौकी (दावा)। जिला निर्वाचन अधिकारी एस. जयवर्धन के मार्गदर्शन में शत-ध्प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से दिनांक 09 अप्रेल को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अं. चौकी श्रीमती प्रियवंदा रामटेके के नेतृत्व में ग्राम पंचायत पांगरी में बिहान स्व सहायता समूह एवं ग्राम के प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। ग्राम के मुख्य स्थान पर महिलाओं द्वारा रंगोली बनाकर दीप से सुजज्जीत किया गया एवं हाथो में स्वीप मेंहदी लगाकर ग्रामवासी को शत् प्रतिशत मतदान करने संदेश दिया गया। तत्पश्चात् कलश यात्रा सह जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों, वृद्ध एवं नवीन मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने आहवान किया गया। उपस्थित ग्रामीण जनो एवं स्व. सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा मतदान हेतु शपथ ग्रहण की गई साथ ही अपने परिवार, रिश्तेदारों, पड़ोसीयों को मतदान दिवस को मत देने वचन दिलवाया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत से सहायक विकास विस्तार अधिकारी योगेश पिस्दा विकास खण्ड परियोजना प्रबंधक(एनआरएलएम) कमलेश गौरकर, ग्राम पंचायत संचिव दिलीप यदु, रोजगार सहायक टिकेश्वरी कोरेटी, संगम संकुल संगठन आतरगांव के अध्यक्ष/सचिव एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# शत-प्रतिशत मतदान का संदेश देने कल्लूबंजारी में लिया गया शपथ



छुरिया (दावा)। गत दिनों भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप मतदाता जनजागरण कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को आगामी 26 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित करने के लिए तथा पालकों तक निर्वाचन आयोग का संदेश पहुंचाकर पालकों को शपथपत्र भरने के लिए प्रेरित करने हेतु शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी में शपथ लिया गया। शाला के उच्च वर्ग शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी के मार्गदर्शन में शाला में अध्ययनरत बच्चों के पालकों को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित करने एवं निर्वाचन आयोग के संदेश को पालकों एवं मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने शपथ लिया तथा शाला के शिक्षकों के माध्यम से बच्चों को उनके पालक तथा माता-पिता से शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु हस्ताक्षरमय शपथ पत्र भराकर विद्यालय के माध्यम से उच्च कार्यालय को प्रेषित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षक श्री कुरेटी ने कहा कि भारत का लोकतंत्र विश्व के सबसे मजबूत लोकतंत्रों में से एक है। इसलिए लोकतांत्रिक निर्वाचन में मतदाता जितना ज्यादा जागरूक होकर शत-प्रतिशत मतदान करेंगे भारतीय लोकतंत्र उतना ही ज्यादा मजबूत होगा। लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत-प्रतिशत मतदान करना आवश्यक है। सभी बच्चे विद्यालय में लिए गये शपथ के अनुसार शिक्षकों द्वारा दिये गये संदेश को पहुंचाकर अपने माता-पिता एवं अन्य पालकों सहित आसपास के मतदाताओं को भी शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करें तथा लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूकता का संदेश देंवे। शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने अपने माता-पिता सहित सभी पालकों को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित करने का शपथ लिया तथा अपने माता-पिता सहित सभी पालकों तक विद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये शपथपत्र को हस्ताक्षर मय भरवाकर विद्यालय में जमा किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शाला के प्रधानपाठक उमेन्द सिंह मंडावी, उच्च वर्ग शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी, तिलक राम बढ़ई एवं शोभराय कार्ते सहित शाला के

# भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन पूरे हर्षोल्लास से भव्य शोभा कलश यात्रा के साथ हुआ



डोंगरगांव (दावा)। अर्जुनी-विगत दिनों ग्राम अर्जुनी में पापमोचनी एकादशी के पावन उपलक्ष्य में भक्त माता कर्मा जयंती समारोह का वृहद आयोजन पूरे उत्साह से हुआ। स्वर अंजली मानस जगराता परिवार ने शोभा कलश यात्रा की लंबी श्रृंखला में सहयोग दे रहे नन्ही बालिकाओं व बहनों माता का साहस इस भीषण गर्मी में भक्तिमय सुमधुर गीतों के संग वातावरण को खुशनुमा बनाते हुए बहुल्य स्वजातीय बंधुओं की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम का आगाज़ करने में सहयोग प्रदान किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमरनाथ साहू पूर्व महामंत्री जिला साहू संघ राजनांदगांव, अध्यक्षता हेमंत साहू तहसील अध्यक्ष डोंगरगांव ने किए, प्रमुख अतिथि इंदुमती साहू सभापति रहे। मुख्य अतिथि अमरनाथ साहू ने एकता अखंडता के प्रतीक सामाजिक ध्वज को आरोहित किए, और सामूहिक मंगल महाआरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का सफलता पूर्वक विधिवत संचालन कर रहे तहसील प्रशासनिक सचिव व ग्राम सचिव लविंद्र साव ने अतिथियों के सम्मान उपरांत स्वागत भाषण ग्राम अध्यक्ष भैया लाल साहू को आमंत्रित कर उद्बोधन कार्यक्रम को गति प्रदान किए, पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू ने सामाजिक कुरूतियों पर करारा प्रहार करते हुए यह कहा कि आडंबर या दुर्गुण से लिप्त किसी भी लोगों को समाज के पद में रहने का उन्हें कोई अधिकार नहीं है, स्वयं कुरीति रहित हो, तभी वे समाज को विकसित व अनुशासित कर सकते है। कार्यक्रम को तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष चुनेश्वर साहू, हिरदे राम साहू ने माता कर्मा के जीवनी को प्रकाशित किए। इस अवसर पर समाज को उल्लेखनीय योगदान देने वालो का सम्मान किया गया। आभार ज्ञापन सभापति जनपद पंचायत मोहनीश साहू ने किए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सलाहकार चेतन दास साहू, सरपंच द्रौपति साहू, फेरू राम इंदौरिया, दीपिका साहू, दिनेश साहू, मोहनीश साहू, अंजोर साहू, कुमार साहू, यादराम साहू, हिरदे राम साहू, मिलू राम साहू, बसंत साहू, खगेश साहू, तीरथ साहू, छ्बीलाल साहू, दीना साहू सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी धन्नू साहू, अलखराम साहू, देवेंद्र साहू, निर्मल दास साहू, यशवंत साहू, सेवक साहू, शिव कुमार साहू, रोहणी साहू, हेमबती साहू, पार प्रमुख जीवन दास साहू, मनसुख साहू, बेमलाल साहू, पंचराम साहू सहित समस्त स्वजातीय बंधुओं ने विशेष सहयोग प्रदान किए है।

# कांग्रेस देगी ग़रीब महिलाओं को एक लाख सालाना, मनरेगा मजदूरी 400 रुपए - भूपेश बघेल

## कांग्रेस प्रत्याशी ने किया छुईखदान तहसील के गांवों में सघन जनसंपर्क

छुईखदान (दावा)। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सांसद प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज छुईखदान तहसील के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण मतदाताओं से भेंट मुलाकात कर इस चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेंकने का आव्हान करते हुए कहा कि कांग्रेस ला जिताओ, तभे सब झन ला रोजी अऊ रोजगार मिलही।

गरीब महिला मन ला हर साल एक-एक लाख रूपए, मनरेगा श्रमिक मन ला चार सौ रूपए रोजी और पढ़े-लिखे बेरोजगार मन ला सरकारी नौकरी कांग्रेस सरकार हा देही।

पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने अपने चुनावी जनसंपर्क को तेज करते हुए आज मंगलवार को छुईखदान विकासखंड के ग्राम दनिया, बिरनपुर, धोधा, हनईबन, जगमड़वा, ठंडार, गंडई, भुरभुसी, गोकना, बागुर, छिराहीडीह, सुखरी, बरबसपुर, पेंडरवानी, लालपुर, लिमे, ढाबा, कटंगी, बूढ़ासागर, देवपुरा, गंडई-पंडरिया, टिकरीपारा गंडई में पहुंचकर आम जनता से भेंट मुलाकात की और इस दौरान आयोजित संक्षिप्त चुनावी सभाओं को संबोधित किया। ग्रामीणों ने पूर्व मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर उनका जोरदार स्वागत किया और समवेत स्वर में नारे लगाए- कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, भूपेश बघेल जिंदाबाद।

### 15 लाख देने और अच्छे दिन का झांसा देने वालों से बचें

श्री बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि आप सब दस साल से केन्द्र में बैठी मोदी सरकार के झूठ को देखते और भोगते आ रहे हो। अच्छे दिन लाने का वादा करके देशवासियों से खुलेआम झूठ बोलकर सत्ता पर कब्जा कर लिया, लेकिन दस सालों में एक भी कोई अच्छा काम नहीं कर पाए। सिर्फ झूठ की बारिश होती रही। सबके खाते में 15-15 लाख रूपए डालने का सबसे बड़ा झूठ बोला गया। उसके बाद गैस, डीजल-पेट्रोल के दाम और महंगाई को कम करने का झूठा वादा किया गया, लेकिन आज आप सबको पता है कि उनके वादों का क्या हाल है। दरअसल भाजपा जो बोलती है, ठीक उसके उलट करती है, इसलिए भाजपा वालों के झांसे में इस बार आप सबको नहीं आना है। हमारी सरकार ने गांव, गरीब, किसानों की चिंता करके तमाम तरह की योजनाएं चलाकर पांच सालों तक आप सभी को किसी न किसी रूप में लाभ पहुंचाने का काम किया, लेकिन भाजपा की मोदी सरकार दस सालों से देश की जनता को लूटने का काम करती आ रही है। बात-बात पर टैक्स देना पड़ रहा है।



### संविधान खत्म हुआ तो आरक्षण खत्म - बघेल

श्री बघेल ने कहा कि मोदी सरकार संविधान जिसे देश आत्मा कहा जाता है, को खत्म करना चाहती है, ताकि एसटी, एससी, ओबीसी को मिलने वाला आरक्षण को खत्म किया जा सके। मोदी सरकार दस सालों में अनगिनत सरकारी संस्थानों को बेचकर निजीकरण कर चुकी है, ताकि लोगों को आरक्षण का लाभ न मिल सके। और अब इस बार के चुनाव में भाजपा वाले 400 पार की बात कर रहे हैं। यदि इस बार भाजपा को 400 सीटें मिल गईं तो यह तय मान लीजिए कि संविधान को खत्म करके नया संविधान लिख दिया जाएगा, जिसमें किसी भी व्यक्ति को रोजगार और आरक्षण मांगने का अधिकार नहीं होगा। दरअसल सच्चाई तो यही है कि भाजपा पूंजीपतियों की पार्टी है और पूंजीपतियों का ही भला करती आ रही है। भाजपा को गांव, गरीब, किसान और दीन-हीन लोगों की कोई चिंता नहीं है, इसलिए ऐसा नया संविधान लिखा जाएगा, जिसमें सिर्फ पूंजीपतियों का ही राज रहेगा। चुनावी जनसंपर्क के दौर भूपेश बघेल के साथ विधायक यशोदा वर्मा, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, टारकेश्वर शाह खुसरो, रामकुमार पटेल, विजय वर्मा, उत्तम जंघेल, मोहसीन खान, रणजीत चंद्रेल, संजू चंदेल, भुनेश्वर साहू, सुरेंद्र जायसवाल, भिज्ञेश यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# गायत्री गुरूकुल का हुआ भव्य शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी गायत्री गुरूकुल का मंगलवार को भव्य शुभारंभ हुआ। शहर के मुख्य मार्ग दिल्ली दरवाजा, कामठी लाईन स्थित इस विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों में मुख्यतः उनके आत्मबल, चरित्रबल जैसे नैतिक गुणों का विकास करना है जो वैदिक कल्चर एवं मॉडर्न मैथड पर आधारित होगी जिसमें प्री-नर्सरी से केजी-2 तक की कक्षाएं संचालित है।

गायत्री गुरूकुल का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, सुशील कोठारी डारेक्टर युगांतर स्कूल, विशिष्ट अतिथि डॉ.सौरभ महोबे एवं डॉ.विक्रम बैद विख्यात बाल रोग विशेषज्ञ के करकमलों से हुआ। साथ ही साथ नवनिहालों का विद्यारंभ संस्कार पवित्र मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा दीप-प्रज्जवलन के साथ फीता काटकर नव-निर्मित भवन का अवलोकन किया गया। विद्यालय की संरचना पूर्णतः वैज्ञानिक एवं मार्डन पद्धति पर आधारित है।

शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि के साथ-साथ नीरज पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष राजेश जैन, श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, सचिव गगन लड्ढा, सह-सचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकांत चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, प्रशासक अनिल बाजपेयी, एकेडमिक को-आर्डिनेटर अमित उत्तलवार के साथ-साथ पूर्व सचिव हेमंत तिवारी, प्राचार्य भारती गौते एनपीएस, शहर के गणमान्य नागरिक, पालकगण एवं शाला की प्राचार्य श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल, उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, श्रीमती वंदना डुंभरे, शाला के वरिष्ठ शिक्षक संतूलाल गुप्ता, सुनील गुप्ता, प्रणव दवे, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सीमा गायधने एवं श्रीमती आचल सिंह द्वारा किया गया।

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह द्वारा गायत्री परिवार के अथक प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई जिसमें उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक बताया। बृजकिशोर सुरजन द्वारा स्वागत भाषण देते हुए कहा गया कि यह अध्यात्म और विज्ञान को जोड़कर दी जाने वाली शिक्षा बालकों के सर्वांगीण विकास में सहायक बनेगी और जो नई शिक्षा नीति की मूल आवधारणा है। इस पर विशेष जोर दिया जाने का हमारा आरंभ से ही प्रयास है। उक्त जानकारी शाला की व्याख्याता श्रीमती उषा झा ने दी।

# बजरंगपुर, नवागांव बाबूटोला व मोतीपुर में आयुक्त ने साफ-सफाई व जारी निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

## वार्ड नं. 1 में सफाई में लापरवाही पर संबंधित ठेकेदार की राशि कटौती के दिये निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता प्रातः निर्माण कार्य एवं सफाई व्यवस्था की सत्त मानिटरिंग कर रहे है, इसी कडी में आज तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ वार्ड नं. 1, 2 व 3 के बजरंगपुर, नवागांव बाबूटोला व मोतीपुर क्षेत्र में पैदल घूम निर्माणाधीन कार्य एवं सफाई व्यवस्था देख अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। नवागांव में सफाई में लापरवाही पर संबंधित ठेकेदार की 3 प्रतिशत राशि कटौती करने निर्देशित किये।

आयुक्त श्री गुप्ता प्रातः नवागांव टेचिंग ग्राउण्ड का निरीक्षण कर कर्मचारियों की संख्या व उनके कार्यो के बारे में जानकारी लिये। उन्होंने कचरा प्रोसिंसिंग में तेजी लाने सेन्टर प्रभारी से कहा तथा बंद प्रोसिंसिंग कार्य ठेकेदार से जल्द चालू कराने कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके को निर्देशित किये। इसके अलावा बेलिंग मशीन, फटका मशीन को चालू कराने, विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के भी निर्देश दिये। एफएसटीपी प्लांट का निरीक्षण कर श्री रामटेके से कहा कि टेचिंग ग्राउण्ड में कचरा निपटान टीम वर्क के साथ गंभीरता से करें, इस प्रकार से कार्य किया जाये कि आदर्श टेचिंग ग्राउण्ड में हमारी गिनती हो सकें।



उन्होंने बजरंगपुर, नवागांव बाबूटोला व मोतीपुर में साफ व्यवस्था का जायजा लेकर साफ सफाई में गुणात्मक सुधार लाने, नवरात्रि को देखते हुये पदयात्री मांर्ग में समुचित साफ सफाई करने के निर्देश दिये। नवागांव में हाजरी रजिस्टर जॉच पर सुपरवाईजर द्वारा लापरवाही पायी गयी, उनके द्वारा सफाई कर्मियों की फोटो नहीं लगाने, निष्ठा हाजरी का अभाव पर नराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि पूर्व में भी इस संबंध में निर्देश दिया गया था, किन्तु इसका पालन अभी भी नहीं किया गया है, जिस पर उन्होंने संबंधित ठेकेदार का 3 प्रतिशत राशि कटौती करने वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा को निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि सभी वार्डो में अनुपस्थित कर्मचारियों की लाल पेन अनुपस्थिति लगाये। सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये।

आयुक्त श्री गुप्ता वार्ड नं. 1,2 व 3 में निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान बाबूटोला मे चल रहे नाली निर्माण कार्य, वार्ड नं. 2 में आम्बेडकर भवन के पास रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने, नियमित रूप से तराई करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यो की सतत मानिटरिंग करे तथा शेष निर्माण कार्य चुनाव के पश्चत चालू करावे। मोतीपुर में निर्माणाधीन खेल मैदान का निरीक्षण कर मैदान में पानी डाल कर रोलिंग कराने तथा शेष कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पोलिंग बूथ में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें, दिवाल लेखन का कार्य जल्द पूर्ण करे। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, उप अभियंता सुश्री सुषमा साहू, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू, सहायक मिशन क्लीन सिटी पवन कुर्रे, सहायक उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी, प्र. पटवारी मिलिन्द रेड्डी उपस्थित थे।

# माहेश्वरी भवन में कार्यकर्ताओं की बैठक में अभिषेक सिंह ने दिया मार्गदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। शक्ति केंद्र क्रमांक 3 रामाधीन मार्ग माहेश्वरी भवन में आज कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने कार्यकर्ताओं को आने वाले लोकसभा चुनाव हेतु उनका मार्गदर्शन किया। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने अपने संबोधन में विधानसभा की भारी विजय पर कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया वहीं लोकसभा चुनाव में प्रत्येक बुथ में मोदी जी के आवाहन विधानसभा चुनाव से प्रत्येक बूथ में पिछले लीड से और 370 वोटों से लीड कैसे प्राप्त करें उसका तरीका बताया वहीं खूबचंद पारख ने अपने संबोधन से कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन कर उनका उत्साह बढ़ाया।

अभिषेक सिंह एवं खूबचंद पारख का स्वागत शक्ति केंद्र प्रभारी योगेश बागड़ी, संयोजक दामू भूतड़ा, विष्णु अग्रवाल, किशन जोशी, गोवर्धन खंडेलवाल, राजेश बिसने, राहुल अग्रवाल, रतनलाल शर्मा, खंडेलवाल समाज के अध्यक्ष राजेश खंडेलवाल, दीपक सिन्हा, अभिषेक सेन, मंजू यादव, रघु शर्मा, झनित नादान सेन, गायत्री गौतम, शकुन पटेल, चित्र महिलांगे, बुधिया यादव, मंजू वर्मा, संदीप सोनी, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, जुगल शर्मा, राजकुमार बाफना, नादान सेन, हर्ष अग्रवाल, इशान शर्मा आदि ने किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में महिला कार्यकर्ता अलका यादव एवं अन्य ने भाजपा प्रवेश किया जिसे पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने भाजपा दुपट्टा पहनाकर पार्टी में प्रवेश कराया।

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने शक्ति केंद्र के कर्मठ कार्यकर्ता रूपेश टांडिया का विशेष सम्मान किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी, वरिष्ठ भाजपा नेता शिव वर्मा, दक्षिण मंडल प्रभारी रवि सिन्हा, प्रखर श्रीवास्तव का स्वागत भी कार्यकर्ताओं ने किया। कार्यकर्ता सम्मेलन का संचालन शक्ति केंद्र प्रभारी योगेश बागड़ी में किया वहीं आभार प्रदर्शन राजकुमार बाफना ने किया।

# एनबीआईएस में चैत्र मास नववर्ष पर विशेष गतिविधि




राजनांदगाँव(दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी में विक्रम संवत् 2081, हिन्दी नववर्ष आगमन पर विशेष गतिविधि का आयोजन किया गया। हिन्दी नववर्ष की उपयोगिता तथा जानकारी को बच्चों से साझा किया गया। इस गतिविधि की शुरुआत सर्वप्रथम मां दुर्गा की तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर विधि पूर्वक पूजन किया गया। शाला के बच्चों द्वारा विशेष समूह नृत्य तथा समूह गीत की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा हिन्दी पंचांग के महत्व को समझाया गया, साथ ही चैत्र नवरात्र में मां दुर्गा के स्वरुप का वर्णन भी किया गया।

हिन्दी नववर्ष के साथ ही गुड़ी पड़वा, चेटी चंद्र तथा रामनवमीं की भी जानकारी बच्चों को क्रमानुसार बतायी गयी। नववर्ष के इस शुभ अवसर पर शाला में पारंपरिक वेशभूषा पहन कर बच्चों ने नववर्ष आगमन का उत्सव मनाया। इस पावन अवसर पर शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा शाला के बच्चों के साथ सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी गई तथा साथ ही बच्चों को हिन्दी नववर्ष की महत्ता को भी समझाया गया। श्री बाजपेयी द्वारा अपने वक्तव्य में कहा गया कि न केवल नववर्ष अपितु प्रत्येक दिन हमें अपनी परंपरागत संस्कार को नहीं भूलना चाहिए। शाला द्वारा विशेष गतिविधि के माध्यम से बच्चों में अपनी परंपरा को जीवित रखना है ताकि बच्चे संस्कारवान बने। शाला सिर्फ शिक्षा का ही मंदिर नहीं अपितु बच्चों की कर्मभूमि होती है जहां बच्चे अपने नैतिक मूल्यों को संजोकर रखना सीख सके। हिन्दी नववर्ष आगमन के इस शुभ अवसर पर शाला की डायरेक्टर श्रीमती सोनल बाजपेयी, अकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती उर्मिला दीक्षित, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान के साथ शिक्षक, बच्चे एवं आफिस कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिले में बाईक रैली एवं स्वीप दीपदान कार्यक्रम का आयोजन कर 26 अप्रैल को मतदान करने का दिया गया संदेश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत जिले में लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बाईक रैली का आयोजन कलेक्टोरेट स्वीप गार्डन से प्रारंभ कर शिवनाथ नदी मोहारा के तट पर समाप्त किया गया। इस अवसर पर शिवनाथ नदी मोहारा के तट पर स्वीप दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने बाईक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाईक रैली में बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। बाईक रैली जिला कार्यालय के स्वीप गार्ड से प्रारंभ होकर शहर की घनी आबादी वाले क्षेत्र नया बस स्टैण्ड, गुरूद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, जय स्तंभ चौक सुमित गली, जूनी हटरी, गुड़ाखू लाइन, आजाद चौक, भारत माता चौक, सदर बाजार, बसंतपुर थाना, कुंआ चौक, नंदई चौक होते हुए शिवनाथ नदी के तट स्थित मोहारा मेला ग्राउंड में समाप्त हुई। शिवनाथ नदी के तट स्थित मोहारा मेला ग्राउंड में स्वीप दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाईक रैली में सभी खुशी एवं उमंग के साथ शामिल हुए। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हेलमेट पहनकर बाईक रैली में हिस्सा लिया। ६

**शिवनाथ नदी के तट पर आकर्षक विशाल रंगोली बनाकर और हजारों की संख्या में दीप जलाकर जिले के मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए किया गया प्रोत्साहित**



एक दीप जलाए मतदान की अलख जगाने के लिए शिवनाथ नदी के तट पर स्थित मोहारा मेला ग्राउंड में स्वीप दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजनांदगांव शहर के किनारे शिवनाथ नदी के तट पर दीपक की रौशनी से दीपावली का नजारा दिखा। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा चुनाव का पर्व देश का गर्व लोकसभा निर्वाचन 2024 का आकर्षक विशाल रंगोली बनाई गई और शत प्रतिशत वोट राजनांदगांव आकृति बनाकर हजारों की संख्या में दीप जलाकर जिले के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका तथा बिहान समूह की महिलाओं द्वारा शिवनाथ नदी में दीपदान कर 26 अप्रैल को अवश्य मतदान करने का संकल्प लिया गया और नागरिकों से मतदान केन्द्र में पहुंचकर मतदान करने की अपील की। राजनांदगांव शहर के किनारे बहने वाली शिवनाथ नदी के किनारे मोहारा मेला ग्राउंड में लोकसभा निर्वाचन के लिए आकर्षक रंगोली महिलाओं द्वारा बनाई गई और चारों ओर हजारों की संख्या में दीपक जलाकर उत्सव का आयोजन किया गया। मोहारा मेला ग्राउंड में महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी सहायिका एवं बिहान समूह की महिलाओं ने दीपों की खूबसूरत आकृति बनाई जिससे शिवनाथ नदी का तट लोकतंत्र के महापर्व में दीपोत्सव से दमक उठा।

सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने 26 अप्रैल को मतदान अवश्य करने अधिकारी-कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका तथा बिहान समूह की महिलाओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान करने की शपथ दिलाई। कलेक्टर ने सभी को लोकतंत्र में मतदान की आवश्यकता के संबंध में बताया और लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए सभी को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जिलेवासियों से 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र में पहुंचकर शत प्रतिशत मतदान करने का किया आव्हान। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने शिवनाथ नदी में दीपदान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर, उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डे, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, स्वीप सहायक नोडल अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका तथा बिहान स्वसहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सूर्यकांत जैन के निवास पहुंचे लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल



राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव के चलते राजनांदगांव शहर के कांग्रेसजनों से भेंट मुलाकात करने का कार्यक्रम 7 अप्रैल को लोकसभा के लोकप्रिय प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का दौरा कार्यक्रम बना, जिसमें शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन के निवास पर भूपेश बघेल का आगमन हुआ, उनके आगमन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ने आतिशबाजी कर उनका स्वागत किया।

वहीं भूपेश बघेल ने जैन समाज के लोगों से उन्होंने चर्चा की और चुनाव में सहयोग मांगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सेक्टर प्रभारी एवं वार्ड के बूथ अध्यक्षों से चुनाव को लेकर चर्चा कर निर्देश दिए। उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र को घर-घर पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को दी। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, महापौर हेमा देशमुख, दिनेश शर्मा, महेन्द्र शर्मा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुरभेज माखीजा, यश जैन, दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष महेश अग्रवाल, डॉ. राकेश कुमार, महामंत्री सतीश सोनपिपरे, जितेंद्र शर्मा, सेक्टर प्रभारी अरशद खान, सुरेश चौरड़िया, अजय अग्रवाल, खिलेश बंजारे, अनिल ठाकुर, दीना सोनकर, मनीष सिमनकर, प्रतिमा बंजारे, मोहसिन कुरैशी, जितेश सिमनकर, हर्ष खोब्रागढ़े, अल्लु सोलंकी, प्रतीक अग्रवाल, रजत भोइर, जैन समाज के सचिव रविकांत, प्रकाशचंद जैन, शरद जैन, सागर जैन, निकेत झांझरी, अनिल जैन, नमन जैन, विजय जैन सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## चारधाम व अमरनाथ यात्रा के लिए 15 अप्रेल से शुरु होगा पंजीकरण



इंदौर। सनातन धर्म के मानने वाले हर व्यक्ति की इच्छा होती है कि वह अपने जीवन में एक बार जरूर अमरनाथ व चारधाम की यात्रा पर जा सके। इन तीर्थों की यात्रा बहुत ही दुर्गम है, इसलिए यहां जाना इतना आसान नहीं है। इन तीर्थों पर जाने के कुछ नियम सरकार की तरफ से तय किए गए हैं। उन नियमों का जानना बहुत ही जरूरी है। अमरनाथ व चारधाम की यात्रा के लिए पंजीकरण करवाना अनिवार्य होता है। हम आपको इस आर्टिकल में बताएंगे कि आप कब से पंजीकरण करवा सकते हैं और किन-किन नियमों का यात्रा पर जाने के लिए पालन करना पड़ता है। चारधाम (बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री) के लिए पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू हो गया है। आप वेबसाइट, एप, टोल फ्री नंबर व वाट्सएप के जरिए भी पंजीकरण कर सकते हैं। इस बार चारधाम में यात्रियों की संख्या को सीमित रखने जैसा कोई फैसला अभी तक नहीं लिया गया है।

## सेंसेक्स पहली बार 75000 के पार

मुंबई । आज से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो गई है और पहले ही दिन शेयर बाजार ने इसका स्वागत करते हुए नया कीर्तिमान रच दिया है। मंगलवार को स्टॉक मार्केट ओपन होने के साथ ही बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के सेंसेक्स ने जोरदार छलांग लगाई और पहली बार 75,000 का आंकड़ा पार कर लिया। सेंसेक्स के साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज  का निफ्टी इंडेक्स भी रॉकेट की रफ्तार से भागा और 22,700 का नया शिखर छू लिया। मंगलवार को शानदार ग्लोबल संकेतों के बीच Stock Market में जोरदार तेजी के साथ कारोबार की शुरुआत हुआ। बीएसई का सेंसेक्स सुबह 9.15 बजे पर पहली बार 75000 का आंकड़ा पार करते हुए 75,124.28 के स्तर पर ओपन हुआ और ये इसका ऑल टाइम हाई लेवल है। बीते कारोबारी दिन BSE Sense& 74,742.50 के लेवल पर क्लोज हुआ था। NSE Nifty भी सेंसेक्स की चाल में चाल मिलता हुआ नजर आया और बाजार खुलने के साथ ही नए शिखर पर जा पहुंचा। निफ्टी ने 22,765.10 के रकॉर्ड स्तर पर कारोबार की शुरुआत की, बीते कारोबारी दिन एनएसई का ये इंडेक्स 22,666.30 के लेवल पर क्लोज हुआ था।

## ऋषभ पंत की टीम इंडिया में हो सकती है एंट्री

नई दिल्ली। इस साल जून में होने वाला टी20 विश्व कप भले ही अभी कुछ दूर हो, लेकिन इससे पहले ही ये बातें शुरू हो गई हैं कि कौन से खिलाड़ी इस बार भारतीय टीम के साथ यूएसए और वेस्टइंडीज जाएंगे। इस बीच अच्छी खबर ये आई है कि पिछले करीब डेढ़ साल से भारतीय टीम से बाहर चल रहे विकेट कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की वापसी भारतीय टीम में हो सकती है। अगर वे टी20 विश्व कप में खेलते हुए नजर आएं तो चौंकिएगा नहीं।

साल 2022 के आखिर में ऋषभ पंत एक भयानक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। इसके बाद से लगातार वे क्रिकेट के मैदान से दूर थे। लेकिन करीब 16 महीने बाद उनकी मैदान पर वापसी आईपीएल के माध्यम से हुई, जहां वे एक बार फिर से दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी कर रहे हैं और अच्छे खेल का प्रदर्शन भी कर रहे हैं। इस बीच क्रिकबज के हवाले से खबर सामने आई है कि वे भारतीय टीम में भी एंट्री कर सकते हैं। वे सेलेक्टर्स के राडार पर हैं। उनकी वापसी की काफी प्रबल संभावनाएं हैं।

## अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत

न्यूयॉर्क। पिछले महीने से लापता 25 वर्षीय भारतीय छात्र को अमेरिकी शहर क्लीवलैंड में मृत पाया गया है। यह एक सप्ताह के अंदर दूसरी मौत है। हैदराबाद के नाचाराम के रहने वाले मोहम्मद अब्दुल अरफात पिछले साल मई में क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी से आईटी में मास्टर्स करने के लिए अमेरिका पहुंचे थे।

न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह जानकर दुख हुआ कि मोहम्मद अब्दुल अरफात, जिनके लिए खोज अभियान चल रहा था, क्लीवलैंड, ओहियो में मृत पाए गए। अरफात के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए, वाणिज्य दूतावास ने कहा कि वह उनकी मौत की गहन जांच सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय एजेंसियों के संपर्क में है।वाणिज्य दूतावास ने कहा, हम उनके पार्थिव शरीर को भारत लाने के लिए शोक संतप्त परिवार को हर संभव सहायता दे रहे हैं। पिछले महीने, वाणिज्य दूतावास ने कहा था कि वह भारतीय छात्र का पता लगाने के लिए स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों के साथ काम कर रहा है।

# शशांक-आशुतोष की कोशिश गई बेकार, रोमांचक मैच में हैदराबाद ने मारी बाजी



चंडीगढ़। शशांक सिंह के 25 गेंदों पर छह चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 46 रन और आशुतोष शर्मा के 15 गेंदों पर तीन चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 33 रन के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को रोमांचक मुकाबले में दो रन से मात दी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला अंतिम ओवर में बेहद रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया था। पंजाब को जीत के लिए अंतिम छह गेंद पर 29 रनों की जरूरत थी, लेकिन टीम 27 रन ही बना सकी। शशांक और आशुतोष की आतिशी पारी के बावजूद पंजाब छह विकेट पर 180 रन ही बना सका। हैदराबाद के लिए तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने दो विकेट झटके।

इससे पहले, हैदराबाद ने नीतीश रेड्डी के 37 गेंदों पर चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से 64 रनों की पारी के दम पर 20 ओवर में नौ विकेट पर 182 रन बनाए थे। पंजाब के लिए तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने चार विकेट लिए, जबकि सैम करन और हर्षल पटेल को दो-दो विकेट मिले। यह आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की सबसे कम अंतर से जीत है। इससे पहले उसने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 2022 में तीन रन जीत दर्ज की थी।

### अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा हैदराबाद

इस जीत के बाद हैदराबाद की टीम पांच मैचों में तीन जीत और दो हार के बाद छह अंक लेकर पांचवें स्थान पर है, जबकि पंजाब किंग्स की पांच मैचों में यह तीसरी हार है और वह तालिका में छठे स्थान पर है।

### पंजाब की खराब रही शुरुआत

लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरुआत भी बेहद खराब रही। हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को आउट कर पंजाब को पहला झटका दिया। इसके बाद भुवनेश्वर कुमार ने इंपैक्ट प्लेयर के रूप में बल्लेबाजी के लिए उतरे प्रभसिमरन सिंह को चार रन के स्कोर पर आउट कर पंजाब को झटका दिया। भुवनेश्वर ने फिर धवन को स्टंप्स आउट कराकर पंजाब की पारी लड़खड़ा दी। यह आठवीं बार था जब धवन आईपीएल में स्टंप्स आउट हुए। इस टूर्नामेंट में यह सर्वाधिक है। धवन ने इस मामले में सुरेश रैना और रॉबिन उथप्पा की बराबरी कर ली।

### शशांक-आशुतोष की आतिशी पारी

गिरते विकेटों के बीच एक बार फिर शशांक और आशुतोष ने आतिशी पारी खेलकर पंजाब को जीत दिलाने की कोशिश की। इस दौरान आशुतोष को तीन बार जीवनदान भी मिला। अंतिम ओवर में तेजी से रन बनाने के चक्कर में आशुतोष ने लगातार बड़े शॉट खेले और तीन बार उनका कैच बाउंड्री पर खड़े फील्डर ने छोड़ा। शशांक ने लगातार दूसरे मैच में टीम को जीत दिलाने के लिए पूरी जान लगाई, लेकिन इस बार वह असफल रहे। हालांकि उनकी कोशिश के लिए उन्हें पूरे नंबर मिलेंगे।

### आखिरी ओवर का रोमांच

पंजाब किंग्स को जीत के लिए छह गेंदों पर 29 रन बनाने थे और क्रीज पर शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा मौजूद थे। आखिरी ओवर डालने जयदेव उनादकट आए। आशुतोष ने पहली गेंद पर छक्का मारा, लेकिन उनादकट ने अगली दो गेंद वाइड फेंकी। अब पंजाब को पांच गेंदों पर 21 रन की जरूरत थी। आशुतोष ने दूसरी गेंद पर शानदार छक्का जड़ा जिससे पंजाब को चार गेंद पर 15 रन बनाने थे। आशुतोष ने तीसरी गेंद पर दो रन निकाले। चौथी गेंद पर भी आशुतोष ने दो रन चुराए। अब पंजाब को दो गेंदों पर 11 रन बनाने थे। उनादकट ने फिर वाइड बॉल फेंकी। यह इस ओवर की तीसरी वाइड थी। आशुतोष ने सिंगल लिया और शशांक ने आखिरी गेंद पर छक्का लगाया।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान की टीम का ऐलान

नई दिल्ली। पीसीबी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान की स्क्वॉड का एलान हो गया है। पीसीबी द्वारा जारी की गई मीडिया रिलीज के अनुसार, पाकिस्तान की 17 सदस्यीय टीम का एलान हुआ। पाकिस्तान की टीम में अनकैप्ड मिडिल ऑर्डर बैटर मुहाम्मद इरफान खान और ओपनर उस्मान खान को टीम में जगह मिली। न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20द्ब सीरीज रावलपिंडी और लाहौर में 18 अप्रैल से 27 अप्रैल के बीच खेली जाएगी।



दरअसल, न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान की टी20द्ब सीरीज में दो टैलेंटिड प्लेयर ने सेलेक्टर्स का ध्यान खींचा। पाकिस्तान सुपर लीग में अनकैप्ड प्लेयर्स मुहाम्मद इरफान खान और उस्मान खान ने शानदार प्रदर्शन किया था। कराची किंग्स के इरफान खान को क्क्रस्रु 9 के बाद इमर्जिंग प्लेयर और बेस्ट फील्डर का खिताब मिला। पाकिस्तान सुपर लीग में इरफान के बल्ले से 171 रन सामने आए थे।

21 साल के इरफान ने अभी तक के करियर में कुल 34 टी20 मैच खेलते हुए 499 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 135 का रहा। इरफान पाकिस्तान के लिए आईसीसी अंडर19 विश्व कप 2020 और 2022 का हिस्सा रहे थे।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20द्ब सीरीज में पाकिस्तान के मोहम्मद आमिर और इमाद वसीम की वापसी हुई है। इन दोनों खिलाड़ियों ने अपने संन्यास से यू-टर्न लिया, ताकि वह टी20 विश्व कप 2024 के लिए उपलब्ध रहे।

वहीं, हारिस राउफ, जिन्हें हाल ही में में पाकिस्तान की केंद्रीय अनुबंध सूची में बहाल किया गया था, कटौती करने में असफल रहे क्योंकि वह कंधे की चोट से उबर रहे हैं जिससे उनका पाकिस्तान सुपर लीग को बीच में छोड़ना पड़ा था।

# इंडोनेशिया में आया 6.6 तीव्रता का भूकंप!

नई दिल्ली। इंडोनेशिया में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं. मंगलवार को वहां के पूर्वी हिस्से में 6.6 तीव्रता वाले झटके महसूस किए गए.

समाचार एजेंसी आईएएनएस की रिपोर्ट के मुताबिक, वहां के पूर्वी प्रांत पश्चिमी पापुआ में 6.0 तीव्रता का भूकंप आया. शिन्हुआ न्यू एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, इंडोनेशिया की जियोफिजिक्स एजेंसी ने शुरुआत में भूकंप की तीव्रता 6.1 बताई थी पर बाद में उसे संशोधित किया गया. एजेंसी ने बताया, भूकंप जकार्ता के समय के अनुसार मंगलवार सुबह 07.02 बजे आया था।

# गाजा में नागरिकों के मौत की भारत ने की निंदा

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने गाजा में चल रहे इजरायल-हमास संघर्ष के कारण उत्पन्न मानवीय संकट को बिल्कुल अस्वीकार्य बताया है। इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस प्रस्ताव को सकारात्मक कदम बताया जिसमें रमजान के महीने में तत्काल युद्धविराम की मांग की गई है।संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में सोमवार को विचार व्यक्त करते हुए भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि हम गाजा में चल रहे संघर्ष से बेहद परेशान हैं।

रुचिरा कंबोज ने कहा कि इससे मानवीय संकट गहरा गया है और क्षेत्र व उसके बाहर अस्थिरता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा 25 मार्च को एक प्रस्ताव को अपनाने को सकारात्मक कदम के रूप में देखता है। इजरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष में बड़े पैमाने पर नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की जान गई है। उन्होंने कहा कि इससे उपजा मानवीय संकट पूरी तरह से अस्वीकार्य है।संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पिछले महीने अपनाए गए प्रस्ताव में रमजान के महीने के लिए तत्काल युद्धविराम की मांग की गई थी। इसका सभी पक्षों से सम्मान करने की बात कही गई थी, जिससे एक स्थायी युद्धविराम हो सके। कंबोज ने कहा कि आतंकवाद के सभी स्वरूपों और अभिव्यक्तियों के विरुद्ध भारत का दीर्घकालिक और समझौता न करने वाला रुख रहा है।

# आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने कामिंदु मेंडिस और मैया बाउचर

दुबई । आईसीसी ने मार्च 2024 के लिए श्रीलंका क्रिकेट टीम के कामिंदु मेंडिस को प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। महिला वर्ग में इंग्लैंड की मैया बाउचर को ये पुरस्कार मिला है।




मेंडिस ने प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार का दावा करने के लिए टेस्ट में दमदार प्रदर्शन किया है। मेंडिस ने बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट की पहली पारी में 102 रन और दूसरी पारी में 164 रन बनाए थे।

उन्होंने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के मैट हेनरी और आयरलैंड क्रिकेट टीम के मार्क अडायर को इस दौर में पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया।

मार्च के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ, कामिंदु मेंडिस ने कहा, मैं आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने पर बेहद खुश हूं, जिसे मैं अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के लिए प्रेरणा मानता हूं। इस तरह की मान्यता हमें एक खिलाड़ी के रूप में टीम, देश और प्रशंसकों के लिए बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अधिक से अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करती है।

बाउचर ने न्यूजीलैंड में शानदार श्रृंखला की बदौलत मार्च 2024 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता। बीते महीने बाउचर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में 223 रन बनाए थे।

# अमेरिका में भी गूंज रहा 'अबकी बार 400 पार' का नारा, पीएम मोदी के समर्थकों ने किया बड़ा काम

वाशिंगटन । भारत में हो रहे लोकसभा चुनाव का असर अमेरिका में भी देखने को मिल रहा है। अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी?? में पीएम नरेंद्र मोदी के समर्थकों ने रैली निकाली। वॉशिंगटन डीसी के ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्मारक और लिंकन स्मारक से लेकर ईस्ट कोस्ट में प्रतिष्ठित गोल्डन ब्रिज तक पीएम मोदी के सैकड़ों समर्थकों ने आगामी लोकसभा चुनावों में उनकी जीत के लिए रैली निकाली। इस दौरान पीएम मोदी के समर्थकों ने उम्मीद जताई कि भाजपा नेतृत्व वाला गठबंधन चुनाव में 400 से अधिक सीटों पर जीत हासिल करेगा।




च्ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) यूएसएज् की तरफ से रविवार को च्मोदी का परिवार मार्चज् रैलियों का आयोजन किया गया था। एक प्रेस रिलीज में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी के दोबारा चुनाव जीतने, भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन के भारत में आगामी लोकसभा चुनावों में 400 से अधिक सीटें जीतने के समर्थन में 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर रैलियां आयोजित की गईं।

पीएम मोदी के समर्थन में रैली

ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा, च्भारत के विभिन्न राज्यों, कश्मीर से केरल और महाराष्ट्र से लेकर पूर्व का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्य अमेरिका के 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर च्मोदी का परिवारज् के रूप में मार्च करने के लिए जुटे।ज्ज् सैन फ्रांसिस्को, ह्यूस्टन और अटलांटा सहित 16 शहरों में मार्च आयोजित किए गए।

सैन फ्रांसिस्को से सचिन्द्र नाथ ने कहा कि मार्च ने मोदी के नेतृत्व के प्रति सम्मान और एकजुटता को प्रकट किया। लोकसभा चुनाव 2024 में च्अबकी बार 400 पारज्ज् की सामूहिक आकांक्षा को भी मार्च के जरिए प्रदर्शित किया गया। मार्च में छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के लोग शामिल हुए। रैली में भाग लेने वाले लोगों ने पीएम मोदी की जीत के प्रति अपने संकल्प को दोहराया।

## प्रथम पेज का शेष

### दिल्ली हाईकोर्ट ने....

आबकारी नीति बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए एक आपराधिक मुकदमा दर्ज किया था। इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 2022 को धनशोधन का मामला दर्ज किया था।

ईडी का दावा है कि आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं - दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसौदिया, सांसद संजय सिंह सहित अन्य ने अवैध कमाई के लिए 'साजिश' रची थी।

गौरतलब है कि इस मामले में आप सांसद संजय सिंह को उच्चतम न्यायालय ने दो अप्रैल को राहत दी। शीर्ष अदालत ने उन्हें जमानत की अनुमति दी थी और संबंधित विशेष अदालत को जमानत की शर्तें तय करने का निर्देश दिया था। इस आदेश के मद्देनजर राऊज एवेन्यू स्थित काबेरी बावेजा की विशेष अदालत ने तीन अप्रैल को उन्हें सशर्त तिहाड़ जेल से रिहा करने का आदेश पारित किया था। इसके बाद श्री सिंह को गुरुवार रात रिहा कर दिया था।

# मैच के दौरान रोनाल्डो ने खोया आपा, विरोधी खिलाड़ी को मारी कोहनी, रेफरी को दिखाया पंच



स्पोर्ट्स डेस्क। दुनिया के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक बड़ी मुसीबत में फंसते नजर आ रहे हैं। रोनाल्डो सऊदी सुपर कप के मुकाबले में अल हिलाल के खिलाफ अपनी टीम अल नासर की हार के दौरान अपना आपा खो बैठे। उन्होंने ना सिर्फ विरोधी टीम के खिलाड़ी को कोहनी मारी, बल्कि मैच रेफरी को पंच मारने की कोशिश भी की। उनकी इस हरकत के कारण उन पर प्रतिबंध भी लग सकता है।

### रोनाल्डो को मिला रेड कार्ड

रोनाल्डो की टीम अल नासर की स्थिति अल हिलाल के खिलाफ अच्छी नहीं थी। टीम को इस मुकाबले में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। अल नासर के लिए सादियो माने ने एकमात्र गोल किया। रोनाल्डो इससे काफी निराश थे और मैच के दौरान उन्होंने गुस्से में विरोधी खिलाड़ी को कोहनी मार दी। उनकी इस हरकत के लिए मैच रेफरी ने तुरंत रोनाल्डो को रेड कार्ड दिखाया।

यह पहली बार था जब रोनाल्डो को सऊदी अरब में रेड कार्ड मिला। रोनाल्डो खुद को रेड कार्ड मिलने से नाराज हुए और उन्हें मैच रेफरी को पंच मारने की कोशिश, लेकिन हाथ पीछे खींच लिया।

### क्यों हुआ विवाद?

मैच के अंतिम क्षणों में जब अल नासर की टीम बराबरी करने की कोशिश में लगी हुई थी, लेकिन टीम को इसमें सफलता नहीं मिल पा रही थी। मैच के 86वें मिनट में रोनाल्डो ने अल हिलाल के डिफेंडर अली अल बुलाही को कोहनी मार दी जिससे विवाद बढ़ गया।

रोनाल्डो की इस हरकत पर अल हिलाल के खिलाड़ियों ने रेफरी से कार्रवाई करने की अपील की। 39 साल का यह दिग्गज खिलाड़ी रेफरी का मजाक उड़ाते भी नजर आया। माना जा रहा है कि इसके लिए रोनाल्डो पर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

### सऊदी प्रो लीग में रोनाल्डो ने किए हैं सर्वाधिक गोल

रीयल मैड्रिड और मैनचेस्टर युनाइटेड के लिए खेल चुके रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने इस लीग में 29 गोल किए हैं। अल हिलाल के एलेक्सांद्र मित्रोविच रोनाल्डो से सात गोल पीछे हैं।

### अल नासर के अहम खिलाड़ी हैं रोनाल्डो

रोनाल्डो अपनी टीम अल नासर के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। वह अब तक टीम के लिए 37 मैचों में 36 गोल कर चुके हैं और 12 बार गोल करने में सहायता की है। यह रोनाल्डो के करियर में 12वीं बार था जब उन्हें मैच में रेड कार्ड मिला है।

# सुमित नागल मोंटे कार्लो के दूसरे दौर में पहुंचे- पहले राउंड में दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी एर्नाल्डी को हराया



स्पोर्ट्स डेस्क। भारत के नंबर-1 टेनिस प्लेयर सुमित नागल रोलेक्स मोंटे कार्लो मास्टर्स के दूसरे राउंड में पहुंच गए हैं। उन्होंने सोमवार को पहले राउंड में दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी माटेओ एर्नाल्डी को हराया।  95वीं रैंकिंग वाले नागल एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए वर्ल्ड नंबर 38 एर्नाल्डी को दो घंटे 37 मिनट में 5-7, 6-2, 6-4 से हराया। इसी के साथ नागल ने किसी टॉप-50 खिलाड़ी पर अपनी तीसरी जीत दर्ज की। अगले राउंड में नागल का सामना मौजूदा रनर-अप डेनमार्क के होल्गर रुने से होगा।

### 42 साल बाद कोई भारतीय मोंटे कार्लो मुख्य ड्रॉ में

सुमित नागल 42 साल बाद रोलेक्स मोंटे कार्लो मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में पहुंचने वाले भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले 1982 में रमेश कृष्णन ने सिंगल्स इवेंट के मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह बनाई थी।

### क्या है मोंटे कार्लो मास्टर्स

मोंटे-कार्लो मास्टर्स मेंस प्रोफेशनल प्लेयर्स का टेनिस टूर्नामेंट है, फ्रांस के रोकेब्रून-कैप-मार्टिन में आयोजित किया जाता है। यह मोंटे कार्लो कंट्री क्लब में क्ले कोर्ट पर खेला जाता है और अप्रैल होता है। इसका आयोजन हर साल होता है। यह टूर्नामेंट,ञ्जक्क टूर पर नौ,ञ्जक्क टूर मास्टर्स 1000 इवेंट्स का हिस्सा है।

### सुमित नागल का इस साल प्रदर्शन बेहतर रहा

सुमित नागल का इस साल प्रदर्शन बेहतर रहा है। उन्होंने साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराकर जीत के साथ शुरुआती की थी।

इसके बाद, उन्होंने चेन्नई ओपन में जीत हासिल की और,ञ्जक्क रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाई। इस सप्ताह की शुरुआत में नागल ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 95वीं रैंकिंग हासिल की थी।

### सुमित के अलावा डबल्स में बोपन्ना भी खेलते नजर आएंगे

सुमित के अलावा इस टूर्नामेंट में साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन के डबल्स जीतने वाले रोहन बोपन्ना भी अपने ऑस्ट्रेलियाई पार्टनर मैथ्यू एबडेन के साथ खेलते हुए नजर आएंगे।

# पाकिस्तानी बल्लेबाज पर पीसीबी हुई मेहरबान

इस्लामाबाद । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नक़वी ने पुष्टि की है कि यूएई के पूर्व बल्लेबाज उस्मान खान पांच साल के प्रतिबंध के बावजूद न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टी20 घरेलू श्रृंखला के लिए चुने जाने की दौड़ में हैं। स्थानीय समाचार चैनल जियो न्यूज ने मोहसिन नक़वी के हवाले से कहा, उस्मान खान पाकिस्तान के लिए सही खिलाड़ी हैं और वह राष्ट्रीय टीम के लिए खेलेंगे।

उस्मान हाल ही में संपन्न 29 खिलाड़ियों के फिटनेस कैंप का हिस्सा थे, जिसका आयोजन पाकिस्तान आर्मी के प्रशिक्षकों द्वारा किया गया था। पिछले हफ्ते, 28 वर्षीय को अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने अपने दायित्वों का उल्लंघन करने का दोषी पाए जाने के बाद पांच साल के लिए बैन कर दिया था।

स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, उस्मान को राष्ट्रीय टीम में शामिल किए जाने का श्रेय मुख्य रूप से पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल 9) के नौवें संस्करण में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन को दिया जा सकता है। मुल्तान सुल्तांस फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व करते हुए खान ने कई पुरस्कार जीते। न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के लिए पाकिस्तानी टीम की घोषणा 9 अप्रैल को की जाएगी। सीरीज 18 अप्रैल से शुरू होगी।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com